e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 88
रविवार
31.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जब आप अपनी पसंद का कार्य करेंगे, तो आप जीवन में कभी कोई कार्य नहीं करेंगे।

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**
इफ्तार (31.03.24): शाम 06:05 बजे
सेहरी (01.04.2024) सुबह 04 : 19 बजे




# 4 विभूतियों को मिला भारत रत्न

## * आडवाणी के घर जाकर भारत रत्न का सम्मान देंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी
**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत सरकार द्वारा चयनित चार विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति आज रविवार को लालकृष्ण आडवाणी के घर जाकर उन्हें भारत रत्न का सम्मान प्रदान करेंगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य नेता भी शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व पीएम नरसिंह राव, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया है।

### देश के सातवें उप-प्रधानमंत्री थे आडवाणी


लाल कृष्ण अडवाणी भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के सातवें उप-प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उनका जन्म 1927 में पाकिस्तान के कराची में एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। अडवाणी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत के उप-प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं। इससे पहले वह 1998 से 2004 के बीच भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) में गृहमंत्री भी रह चुके हैं। लाल कृष्ण अडवाणी उन लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी।10वीं और 14वीं लोकसभा के दौरान उन्होंने विपक्ष के नेता की भूमिका बखूबी निभाई है। 2015 नें उन्हें भारत के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।



### सामाजिक न्याय की अलख जगाने वाला नेता थे कर्पुरी ठाकुर


कर्पुरी ठाकुर को बिहार की सियासत में सामाजिक न्याय की अलख जगाने वाला नेता माना जाता है। कर्पूरी ठाकुर साधारण नाई परिवार में जन्मे थे। कहा जाता है कि पूरी जिंदगी उन्होंने कांग्रेस विरोधी राजनीति की और अपना सियासी मुकाम हासिल किया। यहां तक कि आपातकाल के दौरान तमाम कोशिशों के बावजूद इंदिरा गांधी उन्हें गिरफ्तार नहीं करवा सकी थीं। बता दें कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में कर्पुरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर भारत रत्न लेने पहुंचें।

### राजनीति का चाणक्य थे नरसिम्हा राव



नरसिम्हा राव आठ बार चुनाव जीते। उन्हें राजनीति का चाणक्य कहा जाता था। कांग्रेस पार्टी में 50 साल बीताने के बाद वह देश के प्रधानमंत्री बने। राव करीबन 10 अलग-अलग भाषाओं में बात कर सकते थे। वह अनुवाद में भी उस्ताद माने जाते थे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में पूर्व पीएम नरसिंह राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव भारत रत्न लेने पहुंचें।

### पांचवें प्रधानमंत्री थे चौधरी चरण सिंह



मेरठ जिले के नूरपुर में एक मध्यम वर्गीय किसान परिवार में जन्में चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1923 में विज्ञान से स्नातक की एवं 1925 में आगरा विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। साल 1929 में मेरठ वापस आने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए। बता दें कि चौधरी चरण सिंह की तरफ से उनके पोते जयंत सिंह भारत रत्न लेने राष्ट्रपति भवन पहुंचें।

### प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक थे एमएस स्वामीनाथ

प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथ का जन्म मद्रास प्रेसिडेंसी में साल 1925 में हुआ था। स्वामीनाथन 11 साल के ही थे जब उनके पिता की मौत हो गई। उनके बड़े भाई ने उन्हें पढ़ा-लिखाकर बड़ा किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा था, जिसने उन्हें झकझोर कर रख दिया।
इसे देखते हुए उन्होंने 1944 में मद्रास एग्रीकल्चरल कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। 1949 में साइटोजेनेटिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध आलू पर किया था। बता दें कि पिछले साल 28 सितंबर को एमएस स्वामीनाथन का चेन्नई में निधन हो गया था। इस वजह से उनकी बेटी नित्या राव भारत रत्न लेने राष्ट्रपति भवन पहुंचीं।

# दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलीं कल्पना सोरेन

## * इंडिया गठबंधन की महारैली आज, कल्पना सोरेन होंगी शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की. मुलाकात के दौरान सोनिया और कल्पना के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई. वहीं सोनिया गांधी से मिलने से पहले कल्पना मुर्मू सोरेन ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की. बताते चलें कि रविवार को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की महारैली का आयोजन किया गया है. इसी रैली में हिस्सा लेने के लिए कल्पना मुर्मू सोरेन दिल्ली गई हैं.
जानकारी के मुताबिक इस रैली में इंडिया ब्लॉक के 13 सहयोगी दल शामिल होंगे. रैली में इंडिया ब्लॉक का बैनर लगा होगा. इस पर तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ का नारा लिखा होगा. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी रैली को संबोधित करेंगी.
इस रैली में मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, डेरेक ओ ब्रायन, टी शिवा, फारूक अब्दुल्ला, चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, सीताराम येचुरी, डी राजा, दीपंकर भट्टाचार्य और फॉरवर्ड ब्लॉक के जी देवराजन भी रैली में शामिल होंगे. हाल ही में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, इसमें कहा गया कि देश के अंदर जिस तरह प्रधानमंत्री तानाशाही रवैया अपनाते हुए देश में लोकतंत्र की हत्या कर दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया है, उससे देश में संविधान और लोकतंत्र से मोहब्बत करने वाले लोगों के दिलों में आक्रोश है. ये सिर्फ अरविंद केजरीवाल की बात नहीं है.
विपक्षी पार्टी के नेताओं ने कहा कि देश में एक-एक करके संपूर्ण विपक्ष को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री एजेंसी का इस्तेमाल करके, विधायक खरीदकर, विपक्ष को खरीदकर, फर्जी मुकदमे कर गिरफ्तारी की साजिश हो रही है. झारखंड के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया. पश्चिम बंगाल से लेकर बिहार तक इंडिया गठबंधन के नेताओं पर फर्जी मुकदमे लगाकर चुप कराने की कोशिश की जा रही है.

## क्विक न्यूज

### उत्तर प्रदेश : सिलेंडर फटने से चार की मौत

**देवरिया** : देवरिया जिले में शनिवार सुबह एलपीजी सिलेंडर फटने से एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि घटना भलुअनी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव की है. पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि गांव के निवासी शिवशंकर गुप्ता सुबह कहीं जाने की तैयारी कर रहे थे. करीब चार बजे जब उनकी पत्नी आरती चाय बना रही थीं, तभी सिलेंडर फट गया.उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान आरती देवी (42), उनकी बेटी आंचल (14), सृष्टि (11) और बेटा कुंदन (12) के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. फॉरेंसिक और अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचीं और जांच जारी है. पुलिस ने बताया कि संभवत- सिलेंडर में रिसाव के कारण यह घटना हुई होगी.

### युवक और युवती ने नदी में कूदकर की आत्महत्या

**देवरिया** : जनपद के सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग जगह से किसी कारण वश युवक और युवती ने नदी में कूद कर आत्महत्या कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के सोनबरसा के रहने वाले अंकित यादव ( 30 ) पुत्र वंश राज किसी कारण वश घाघरा नदी में भागलपुर पुल से कूद गए । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को खोज कर पहचान कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी तरफ सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के मझौली राज घूसा टोला के रहने वाले अशोक प्रसाद (30) पुत्र बाल गोविन्द गंडक नदी में नदावर पुल के पास से कूद गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को खोज कर परिवार के लोगों से पहचान कराई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ईस्टर की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को ईस्टर की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में राष्ट्रपति ने कहा है,ईस्टर के पावन अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को, विशेष रूप से ईसाई समुदाय के भाई-बहनों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। प्रभु यीशु मसीह के पुन- अवतरित होने की खुशी में मनाया जाने वाला यह त्यौहार प्रेम और करुणा का प्रतीक है। यह पर्व संदेश देता है कि सत्य शाश्वत है। यह एक ऐसा अवसर है, जो हमें त्याग और क्षमा के मार्ग पर प्रशस्त करता है। प्रभु यीशु का जीवन हमें शांति और सौहार्द्र की शिक्षा देता है।आइए इस अवसर पर हम ईसा मसीह के मूल्यों को अपनाएं और समाज में प्रेम, स्नेह व भाईचारे को मजबूत करते हुए राष्ट्र के निर्माण में योगदान करें।

### राजनाथ सिंह बने घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष

**नई दिल्ली** : भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र समिति का एलान कर दिया है। इस सूची में कई ऐसे नेताओं के नाम शामिल हैं, जो हाल ही में दूसरी पार्टियों से भाजपा में आए हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस समिति का एलान किया है। इस घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह हैं और निर्मला सीतारमण को संयोजक बनाया गया है। इस समिति में अलग-अलग राज्यों से 27 सदस्यों को शामिल किया गया है। महाराष्ट्र से पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। वहीं, इसमें अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल भी शामिल हैं। इस समिति में कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को भी शामिल किया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 20° |

# भाकपा-माले ने कोडरमा लोस सीट से बगोदर विधायक विनोद सिंह को दिया टिकट



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा-माले) ने विनोद सिंह को कोडरमा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।
इस संबंध में पार्टी की ओर से शनिवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया, जिसमें पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, राज्य सचिव मनोज भक्त और शुभेंदु सेन मौजूद रहे।नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 में माले को कोडरमा से चुनाव लड़ने पर सहमति बनी है। ऐसे में पार्टी ने विनोद सिंह को पार्टी से टिकट दिया है, जिसमें इंडिया गठबंधन पार्टियों की सहमति है। इसके साथ पार्टी की ओर से संकल्प पत्र भी जारी किया गया, जिसमें विभिन्न राजनैतिक और आम मुद्दे शामिल किये गये है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी ने कहा कि बगोदर के विधायक विनोद सिंह इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस के साझा उम्मीदवार हैं। गिरिडीह जिले की बगोदर विधानसभा सीट से विनोद सिंह भाकपा माले के टिकट पर तीन बार विधायक चुने जा चुके हैं। वर्तमान में भी वह विधायक हैं। झारखंड में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में एक महागठबंधन बना है। इसमें भाकपा माले भी शामिल है। झारखंड में चम्पाई सोरेन की अगुवाई वाली सरकार में शामिल सभी दल (कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और भाकपा माले) इस गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं। इन चारों दलों में सीटों का बंटवारा हो चुका है। खबर है कि कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा सात सीटों पर लोकसभा के चुनाव लड़ेगी। पांच सीट पर झामुमो अपना उम्मीदवार खड़ा करेगा। राजद और भाकपा माले के उम्मीदवार एक-एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे। हालांकि राजद ने पलामू और चतरा दो लोकसभा सीटों पर दावेदारी की है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा जिलों में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

# चुनाव तैयारियों में नहीं छोड़ें कोई कसर : के. रवि कुमार




प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाए। चुनाव की तैयारियों के बाबत मुस्तैदी से काम करना जरूरी है एवं शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं है। जहां भी कोई कमी नजर आए तो तत्काल उनका कमियों को दूर करें।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार हजारीबाग समाहरणालय के सभाकक्ष में हजारीबाग, रामगढ़, एवं कोडरमा जिले में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उक्त समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा निर्वाचन -2024 की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के लिए संबंधित पदाधिकारी जिम्मेवार होंगे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने सोशल मीडिया सेल को सक्रिय करते हुए सोशल मीडिया पोस्टों पर गहनता से ध्यान रखने एवं आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई का निदेश दिया।साथ ही सभी जिलों के सोशल मीडिया सेल के टॉल फ्री नंबर को प्रसारित करें जिस पर आम आदमी भी इससे संबंधित शिकायत दर्ज करा सकें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने अंतराज्यीय एवं जिला चेकपोस्ट पर सख्ती से जांच करने एवं आपराधिक एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया। चेक पोस्ट पर पर्याप्त बल एवं दंडाधिकारी की नियुक्ति कर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब एवं शस्त्र की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने का सख्त निदेश दिया। समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल,अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा. नेहा अरोड़ा के अलावा उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल,हजारीबाग की आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा सहित सभी वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# भाकपा माओवादी का सब जोनल कमांडर गिरफ्तार

### * गिरफ्तार नक्सली पर था पांच लाख रुपए का ईनाम

संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र
**लातेहार** : लातेहार के एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि 01.30 बजे गुप्त सूचना मिली कि भाकपा माओवादी के रीजनल कमिटि सदस्य छोटू खरवार का दस्ता लोहरगढ़ा तथा मिरचईया के जंगल में भ्रमणशील है।जो आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में सुरक्षाबलों एवं पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से किसी अप्रिय घटना को अंजाम वाला है।
इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वेंकेटश कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह के नेतृत्व में एक संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल लोहरगढ़ा तथा मिरचईया के जंगल में पहुंचे तो पुलिस बल को देखकर दस्ता में शामिल सभी लोग भागने लगे। भागने के क्रम में नागेश्वर भोक्ता, उर्फ नागेश्वर गंझू उर्फ नेशनल भुईया उर्फ जीनियस, उम्र 28 वर्ष, पिता



स्व0 बाजो गंझू उर्फ नवल भुईया, सा0-झीरमतकोमा, थाना-बारियातू, जिला-लातेहार को छापामारी दल के द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके विरूद्ध झारखंड सरकार के द्वारा 5 लाख रुपया का ईनाम भी घोषित है। साथ ही उक्त माओवादी के विरूद्ध विभिन्न थानों में 17 सीएलए, यूएपीए आर्म्स एक्ट से संबंधित कांड दर्ज है। जिसमें नेतरहाट थाना में 01. गारू थाना में 02. बारेसाढ़ थाना में 05 तथा महुआडांड़ थाना में 03 नक्सली से संबंधित काण्ड दर्ज है। अन्य जिलों में भी नक्सली घटना से संबंधित काण्ड दर्ज होने की संभावना है, जिसे पता किया जा रहा है।छापामारी दल में वेंकेटश कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह, पुअनि सोनू कुमार थाना प्रभारी गारू,पुनि देवेन्द्र कुमार गारू थाना,पुअनि रंजन कुमार पासवान लातेहार थाना,पुअनि अजीत कुमार थाना प्रभारी बारेसाढ़ थाना,सैट-01 पुलिस केन्द्र, लातेहार, सैट-06 गारू थाना व सैट-02 बारेसांढ़ थाना शामिल है।

# मुख्तार अंसारी के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब



एजेंसी
**लखनऊ** : मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शनिवार की सुबह से लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ती गई। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को सुपुर्द-ए खाक करने के लिए उसके घर से करीब 400 मीटर दूर पुस्तैनी कब्रिस्तान में कब्र खोदी गई थी। मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान भीड़ अधिक होने के चलते लोगों को कब्रिस्तान के बाहर रोक दिया गया गया था। अंदर 50 लोगों को जाने की अनुमति दी गई थी। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद से ही गाजीपुर जिले में चप्पे- चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी। शुक्रवार की आधी रात के बाद शव घर पहुंचा तो लोगों की भीड़ अंतिम दर्शन के लिए व्याकूल दिखी। वहीं, मुख्तार के आवास के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर भीड़ को नियंत्रित किया गया था। सुबह से लोगों की भीड़ फिर से जुटने लगी थी। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कभी गरीबों के लिए मसीहा बन चुके पूर्वांचल के माफिया डॉन की मौत से उसके समर्थकों में मातम पसरा रहा।

# बिजली तार जोड़ने के विवाद में हुई थी पूर्व कांग्रेस नेता समेत दो की हत्या, 3 गिरफ्तार

## पड़ोसियों को रायफल लेकर डरा रहा था पूर्व कांग्रेस नेता, उसी रायफल से मार कर दी हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू के चैनपुर में बीते 27 मार्च को पूर्व कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू और बिजली मिस्त्री राकेश दास की हत्या कर दी गई थी। इस दोहरे हत्याकांड का पलामू पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने हत्याकांड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतक राजमोहन पोलू का पड़ोसी रवि चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी और विशाल कुमार शामिल है। उक्त जानकारी एसपी रिष्मा रमेशन ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। एसपी ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू और उनके पड़ोसियों के बीच अक्सर झगड़ा होते रहता था। बीते 27 मार्च को भी बिजली का तार जोड़ने को लेकर राजमोहन पोलू और उनके पड़ोसियों के बीच विवाद शुरू हो गया था। जिसके बाद राजमोहन पोलू और बिजली मिस्त्री राकेश दास की हत्या कर दी गई थी.गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि राजमोहन पोलू अक्सर हमलोगों के परिवार को डराता-धमकाता था. बात-बात पर रायफल तान देता था. बीते 27 मार्च को भी बिजली का तार जोड़ने को लेकर राजमोहन पोलू और उन लोगों के बीच विवाद शुरू हो गया था। जिसके बाद राजमोहन पोलू ने अपने पड़ोसियों पर रायफल तान दिया था। वहीं पड़ोसी राहुल चंद्रवंशी ने भी पोलू पर देशी कट्टा तान दिया। इसी दौरान राहुल ने गोली चला दी, मगर मिस फायर हो गया. इसके बाद दोनों के बीच धक्का मुक्की शुरू हो गई। इसी क्रम में राहुल चंद्रवंशी ने राजमोहन पोलू से रायफल छिनकर उसी रायफल के बट से राजमोहन के सिर पर वार कर दिया। जिससे राजमोहन जमीन पर गिर गया। बीच-बचाव करने आये बिजली मिस्त्री राकेश दास के सिर पर भी उसी रायफल के बट से प्रहार कर दिया। इसके बाद बांस, बोल्ट और रायफल से ताबड़तोड़ प्रहार कर दोनों की हत्या कर दी. घटना के बाद सभी फरार हो गये थे. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर खून लगा कपड़ा, रायफल का टूटा हिस्सा, मोबाइल आदि बरामद कर लिया है।

# मुकुंदपुर मुखिया ने निजी खर्च से कराया खेल मैदान का निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड अंतर्गत मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शनिवार को ताली गांव के पंडा नदी तट पर अपने निजी खर्च से जेसीबी मशीन के सहारे खेल मैदान का निर्माण कराया। मुखिया मुंगा साह ने कहा की ताली गांव में खेल मैदान नहीं होने से स्थानीय युवाओं को खेलने में दिक्कत होता था। उक्त खेल मैदान निर्माण कराने की मांग क्रिकेट खेलने प्रतिभावान खिलाड़ियों के द्वारा किया जा रहा था। अब गांव में खेल मैदान का निर्माण होने से इस गांव के बच्चे भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर अपने अंदर छुपी प्रतिभा को निखारेंगे और अपनी अलग पहचान बनायेंगे। मुखिया ने कहा की बहुत जल्द इस ग्राउंड पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराकर पंचायत क्षेत्र के बच्चों को खेल प्रदर्शन करने का मौका दिया जायेगा। इस अवसर पर वार्ड सदस्य संतोष पासवान, पिंटू सिंह, अरूणजय कुमार, राम नारायण सिंह, गुप्तेश्वर साह, कमलेश कुमार गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत क्रिकेट मैच का हुआ शुभारंभ



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में शनिवार को दो दिवसीय क्रिकेट मैच का उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने हवा में गुब्बारे उड़ा कर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाकर सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की टीम पर नेहरू युवा केंद्र की टीम भारी पड़ती नजर आ रही। इसके बाद प्रशासन व मीडिया, शिक्षा विभाग व लायंस क्लब के साथ ही हेल्थ व चैंबर ऑफ कॉमर्स के बीच मैच खेला जायेगा। सभी मैच देर रात तक खेला जायेगा और आज जो टीम क्वालीफाई करेगा वो दूसरी क्वालीफाई हुई टीमों के साथ कल फाइनल खेला जायेगा।

# उपायुक्त के निर्देश पर डीएमओ ने नौडीहा क्षेत्र में संचालित माइंस का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार नौडीहा पहुंचे व यहां संचालित माइंनिस का निरीक्षण किया। निरीक्षण कि क्रम में डीएमओ श्री कुमार ने माइंनिस में हो रहे खनन कार्य एवं स्टोक का निरीक्षण किया एवं स्पष्ट रूप से माइंनिग संचालको को सरकार द्वारा बनाए गए नियमानुसार खनन कार्य करने को लेकर निर्देशित किया साथ ही क्षमता से अधिक माइंनिग नहीं करने के निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी माइंस संचालको को ससयम राजस्व जमा करवाने की बात की।उन्होंने सभी माइंस संचालको को नियम विरूद्ध कार्य नहीं करने को लेकर निर्देशित किया एवं ऐसा करने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतवानी दी। **इन माइंस का किया गया निरीक्षण :** डीएमओ आनंद कुमार शुक्रवार को नौडीहा में यूपीएस स्टोन एंड चिप्स, संचालक अनुप कुमार एवं पार्टनर, यूपीएस स्टोन, चिप्स, संचालक यूके सिंह एवं पार्टनर, यूपीएस स्टोन चिप्स, संचालक प्रदीप सिंह एडं पार्टनर, नावाडीह स्टोन माइंनिस, संचालक विश्वनाथ प्रसाद, जय मां शेरवाली स्टोन चिप्स, डीगले माइंनिग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड एवं संजय कुमार सिंह माइंनिग का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## विश्व हिंदू परिषद कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

# विश्व हिंदी परिषद के छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष बने उपेंद्र यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर (पलामू) :** छत्तरपुर प्रखंड में शनिवार को जिला पलामू संघ कार्यालय मे प्रांत के द्वारा एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद कार्यक्रम विभाग के अध्यक्ष शिवप्रसाद ने की वहीं संचालन जिला संयोजक संदीप गुप्ता ने की, बैठक में कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए उपेंद्र यादव को छत्तरपुर प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया। वहीं इस से पहले प्रखंड के अध्यक्ष पप्पू सिंह थे जो पलामू जिला सह मंत्री के रूप में चयन हुए। जिन्हे प्रांत से आये झारखंड वि0हि0प0 प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्रा के द्वारा अंगवस्त्र देकर दोनो को सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्रा ने कहा की झारखंड सहित देश में घुसपैठ, धर्मांतरण, जिहाद, गोवंश हत्या, गोवंश तस्करी धर्म रक्षा निधि संग्रह राम जन्मोत्सव कार्यक्रम 9-24 अप्रैल, हनुमान जन्मोत्सव, स्थापना दिवस समारोह, षष्टी पुष्टि समारोह, प्रशिक्षण वर्ग गिरिडीह 5-10 जून, धर्मांतरण व कम्युनिस्ट विचारधारा हिंदू समाज के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए विश्व हिंदू परिषद सशक्त संगठन बनाएगा. हम हिंदू नहीं हैं, ऐसा विमर्श खड़ा करके समाज को भ्रमित किया जा रहा है इसे सुधारने की जरूरत है। हिंदू धर्मावलंबी अपने धर्म एवं संस्कृति की जीवंत स्थिति को निरंतरता बनाए रखने के लिए सदैव संघर्षशील रहे हैं. मौके पर पलामू विहिप के सभी प्रखंड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

# खरौन्धी पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौन्धी :** इन दिनों मुख्य बाजार मे कई दुकानों में अपराधी द्वारा चोरी की घटना का अंजाम दिया जा रहा है। अनुसंधान के क्रम में घटनास्थल में पाए गए कई साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन के माध्यम से संदिग्ध चोर को फुटेज प्राप्त हुआ। गुप्तचर के माध्यम से सीसीटीवी फुटेज में दिखे गए संदिग्ध चदनी ग्राम निवासी 25 वर्षीय चंदन कुमार को पूछताछ के लिए थाना लाया गया। पूछताछ के क्रम में चंदन कुमार के द्वारा बाजार स्थित कई दुकानों में हो रहे चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की बात स्वीकार किया। इसके बाद अभियुक्त चंदन कुमार के निशान देही पर चोरी किया गया पैसा एवं अन्य सामान बरामद कर विधिवत्त जप्त कर किया गया। एक मोबाइल, एक अपाची बाइक नंबर जेएच 14 जे 6456 नगद कुल 2850 रुपए सहित अन्य सामान बरामद किया है। उक्त सभी बातों का खुलासा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने पत्रकारों से पेशवार्ता में किया है। उन्होंने कहा कि उक्त मामले का खुलासा करने में भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर राजीव कुमार वीर, खरौन्धी थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी, प्रमोद कुमार महतो, निरंजन कुमार सिंह, संजीव दुबे, सहित पुलिस बल शामिल थे।

# ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के शैक्षणिक सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को एक सादे समारोह में घोषित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह व प्राचार्य दीपक कुमार तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर किया.96 प्रतिशत अंकों के साथ अश्वी आनंद सिंह स्कूल की टॉपर रही.स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी वर्ग के टॉपरों को पुरष्कृत किया गया। बाबुल सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। यह सुखद परिणाम बच्चों के लगन और कड़ी मेहनत, शिक्षको का कुशल मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग से संभव हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि कम शुल्क में बेहतर अनुशासन और संस्कार पूर्ण शिक्षा देना ही हमारा लक्ष्य है। मौके पर शिक्षक अजीत तिवारी, शैलेश चौबे, सुरेंद्र शर्मा, पियूष पांडेय, नंदकुमार ठाकुर, लतीफ अंसारी, आभा चौबे, चंचल दीक्षित, अंजली ठाकुर, विकाश पांडेय, रिया मिश्रा, सोनाली पांडेय, निशिका सिंह, वैशाली कुमारी, राजीव रंजन ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर सिगसिगी में निकला भव्य कलश शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** सिगसिगी में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा की शुरुआत सिगसिगी यज्ञ स्थल से हुआ। कलश शोभा यात्रा को पलामू सांसद बी डी राम, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, आचार्य विष्णुचित जी महाराज, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय व समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखा कर रवाना किया। कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ रेलवे स्टेशन होते हुये कोयल नदी तट पहुचा, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद नगर भ्रमण करते हुये यात्रा वापस यज्ञशाला परिसर पहुंचा,जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना करायी गयी। साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंडप प्रवेश तथा अग्नि मंथन का अनुष्ठान भी हुआ.कलश शोभा यात्रा में समाजसेवी पिंटू चौधरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, बचनदेव चौधरी, समिति के सचिव विनय चंद्रवंशी, पंकज कुशवाहा, शैलेश पांडेय, राहुल गुप्ता, गया महतो, सुनिल तिवारी सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# 5 वर्षीय निक्की कुमारी का शव कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव निवासी धनंजय राम के 5 वर्षीय पुत्री नितिया कुमारी का शव शुक्रवार को बगल के कुएं से पुलिस ने बरामद किया गया है।नीतिया कुमारी पिछले दो दिनों से अपने घर से गायब थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार धनंजय राम के 5 वर्षीय पुत्री नितिया कुमारी गुरुवार को दोपहर 11 बजे से गायब थीं। परिजनो ने पुरे दिन आस पास के इलाकों में काफी खोजबीन किया। लेकिन नितियां कुमारी का कहीं पता नहीं चला। जो गुमशुदगी के 19 घंटे बाद घर से लगभग चार सौ फीट के दुर स्थित कुएं से शव को बरामद किया गया। हलाकी परिजनों द्वारा गुरुवार को ही अगल बगल के सभी कुएं को खंगाला गया था। लेकिन कहीं पता नहीं चला जब शुक्रवार को सुबह उसका शव उक्त कुएं में देखा गया। सुचना पर धुरकी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ कर दिया है। मौके पर एसआई बीकू कुमार रजक, एएसआई वामन कुंडेला मौजूद थे। इधर मौत की सुचना पाकर पूर्व जिप सदस्य नन्द गोपाल यादव सगमा मुखिया तेजलाल राम, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, उप मुखिया मंगलेश यादव, देवचन्द्र यादव, रामेश्वर यादव, नन्दलाल साह, रनधीर यादव, विनय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वार्षिक परीक्षा के परिणामों की हुई घोषणा

## परीक्षा ही सफलता की कुंजी है : कुशजी पाण्डेय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में कक्षा- अरुण से नवम तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह सत्र- 2023-24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि अवकाशप्राप्त प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार चंदेल, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को कहा कि विषम परिस्थितियों में भी छात्रों ने अध्ययन करके अपने भविष्य का निर्माण किया, ऐसे छात्र निश्चित तौर पर सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।परीक्षाफल विद्यालय का दर्पण होता है। कक्षा -अरुण से नवम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वहीं कक्षा द्वितीय के छात्र सिद्धार्थ शौर्य ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन एवं मंगल कामना करते हुए कहा कि आगामी 02 अप्रैल से नवीन सत्रारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया जाएगा। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। सफलता का मूलमंत्र कठिन परिश्रम दृढ़ संकल्प है।जो छात्र- छात्राएं कठिन परिश्रम करते हैं, उन्हें निश्चित ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा जीवन एक परीक्षा है और आपको जीवन में आगे की परीक्षाओं से गुजरना होगा। साथ ही विद्यालय के विकास में भी सहयोग करने के लिए वादा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परीक्षा प्रमुख राजकुमार सिंह, दीपक पाण्डेय, मृत्युंजय प्रसाद,संजय सिन्हा, चंदन कांस्यकार, प्रचार मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक, रंजीत मिश्र,शशि कुमार एवं अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष बने विपुल तमेड़ा, महामंत्री अंकित वर्मा

# रामनवमी पर धूमधाम के साथ भव्य रूप से शोभायात्रा निकालने का लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के संकट मोचन हनुमान मंदिर गुदरी बाजार निकट स्थित मुंद्रिका बैंक्विट हॉल में शनिवार को केंद्रीय महावीर मंडल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष रोहित साहू ने की। बैठक में सर्वप्रथम आय व्यय सहित नई कार्यसमिति के गठन को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से एक स्वर में अध्यक्ष विपुल तमेड़ा को चुना गया। वहीं महामंत्री अंकित वर्मा को बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महामंत्री को आगे की कमेटी के विस्तार को लेकर जिम्मेदारी भी सौंपी गई। मौके पर समिति के अभिभावकों ने नए कार्य समिति के अध्यक्ष, महामंत्री से इस वर्ष धूमधाम से रामनवमी का त्यौहार मनाने की आशा व्यक्त की। वही चुने गए नए अध्यक्ष और महामंत्री ने भी कहा कि जिस कार्य के लिए उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसमें खडा उतरने को लेकर प्रयासरत रहेंगे। रामनवमी पर वर्ष 2024, 25 में निकलने वाली शोभायात्रा को भव्य और पारंपरिक बनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा शोभायात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लेकर भी तैयारी की जाएंगी। शोभा यात्रा में झांकी, अस्त्र-शस्त्र चालन सहित रामायण से जुड़ी स्वरूपो को सामने लाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से अनिल कुमार गुप्ता, कंवलजीत सिंह, राजेंद्र प्रसाद खत्री, ओमप्रकाश सिंह, निशीथ जायसवाल, मोहन दुबे, परमेश्वर साहू, श्रीचंद प्रजापति, लाल ओंकार नाथ शाहदेव, अजय पंकज, चंद्रशेखर अग्रवाल, दिवाकर पाठक, विनोद तमेड़ा, शंकर वर्मा, सुमित राय, रितेश कुमार, मनोज साहू, महेंद्र महतो, दीपक सर्राफ, सतीश पांडेय, उमेश सिंह, राजेश कुमार महतो, चंदन गोयल, आदित्य कुमार साहू सहित काफी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में पहली बार ईद एक्सपो का हुआ आयोजन

**रांची।** डोरंडा रिसालदार बाबा दरगाह स्थित खुले मैदान में पहली बार रांची का बाज़ार, ईद एक्सपो के नाम से लगाया गया है। यहां बड़े, बच्चो, लेडीज़ जेंट्स सभी के कपड़े, कुर्ता पायजामा, नक़ाब-हिजाब, बनारसी साड़ी, लखनवी और कश्मीरी शूट कुर्ती से लेकर हर तरह के कपड़े, क्रॉकरी के अनेकों प्रकार, चूड़ी, कालीन, फूड स्टॉल, जूता चप्पल सैंडल, कॉस्मेटिक, चश्मा, बर्तन, खिलौना, कई स्कूल, टू व्हीलर के कई कंपनी, आर्ट एंड क्राफ्ट, ज्वेलरी, लेडीज़ कॉर्नर, खाने के नमकीन आइटम, ड्राई फूड, सेवई, बेड शीट, दस्तरखान, आयुर्वेद, लोहे के बर्तन के साथ ईद की सभी जरूरतों के समान यहां उपलब्ध हैं।ये सभी स्टॉल झारखंड के अलग अलग जिलों के साथ साथ महाराष्ट्र, बनारस, दिल्ली, कोलकाता, छत्तीसगढ़, बंगाल, मध्य प्रदेश आदि देश के अलग अलग राज्य से अपने विभिन्न प्रकार सामानों के साथ उपलब्ध रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट 48 घंटे के अंदर कोर्ट में दाखिल करनी होगी

**रांची।** मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) को लेकर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस आयोजन में एमएसीटी के जज मनीष ने कहा कि सड़क दुर्घटना से संबंधित केस का निष्पादन ससमय हों, तभी पीड़ित एवं उसके परिजनों को न्याय मिलेगा। वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के बैनर तले रांची सिविल कोर्ट के 40 कोर्ट बिल्डिंग में आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मौके पर उपस्थित रांची जिला के थाना प्रभारियों को उन्होंने कहा कि झारखंड में जितने भी सड़क दुर्घटना होती है उन सभी का रिपोर्ट 48 घंटे के अंदर कोर्ट में दाखिल किया जाना चाहिए। यदि ससमय ऐसा नहीं होता है तो संबंधित थानेदारों और केस आइयो पर कार्रवाई हो सकती है।

# मतदान दिवस के दिन मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : डीडीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु नगर निगम सभागार में उप विकास आयुक्त दिनेश यादव, भाप्रसे की अध्यक्षता में निगम के पदाधिकारियों, आरडब्ल्यू ए के प्रतिनिधियों तथा सभी वार्ड सुपरवाइजर के साथ बैठक आहूत की गई।बैठक में उन्होंने मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के जरिए लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने आरडब्ल्यू ए के प्रतिनिधियों से कहा कि अपने निर्वाचक होने के प्रति जागरूक रहें साथ ही मतदान दिवस के दिन घरों से बाहर निकलकर अपने संबंधित मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।



बैठक में उन्होंने बताया कि रांची शहरी क्षेत्र में एक हजार से ज्यादा पोलिंग बूथ है तथा प्रति बूथ एक बीएलओ की प्रतिनियुक्ति है। उन्होंने निदेश दिया कि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक सुनिश्चित करने हेतु डोर टू डोर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसलिए डोर टू डोर कनेक्टिविटी बढ़ाने हेतु निगम के वार्ड सुपरवाइजर तथा सफाई मित्रों को प्रत्येक बीएलओ के साथ जोड़ा जाए और बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप तैयार किया जाए ताकि आम नागरिकों को मतदान के प्रति उत्साहवर्दधन किया जा सके। बैठक में उन्होंने सभी वार्ड सुपरवाइजर को अपने सम्बंधित वार्ड के विभिन्न अपार्टमेंट्स तथा विभिन्न मोहल्लों के समितियों के साथ समय समय पर बैठक करे तथा स्वीप संबंधित एक्टिविटीज भी करवाए।

इस मौके पर चुनाव से संबंधित लीफलेट बाटे गए, जिसमे वोटर लिस्ट में पंजीकरण प्रक्रिया, पोलिंग प्रोसेस इत्यादि के विषय में जानकारी दी गई। इसके अलावा वोटर हेल्प लाइन एप, केवाईसी एप की भी विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि मतदान केंद्रों पर निगम स्तर से जो भी न्यूनतम सुविधा उपलब्ध करानी है. उसे त्वारित सुनिश्चित किया जाए।बैठक में उप प्रशासक अनवर हुसैन ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए यह लोकतंत्र का महापर्व है। इसलिए इसे प्राथमिकता के तौर पर लिया जाए तथा अपने परिवार, आस-पास के लोगों, परिजनों आदि को इसके प्रति जागरूक करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रांची नगर निगम द्वारा प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा सोशल मीडिया में माध्यम से लोगों को दिनांक 25 मई 2024 को रांची में मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

# स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरुकता के लिए गतिविधियां तेज करें : राहुल सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में रांची जिला में मतदान से पहले ज्यादा से ज्यादा योग्य नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। अब शहरी क्षेत्र में बीएलओ के साथ नगर निगम के सफाई कर्मचारी और सुपरवाईजर भी टैग किये जायेंगे। इस संबंध में बैठक करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मतदान केन्द्रों में एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी की अद्यतन स्थिति और लो वोटर टर्नआउट को लेकर समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ/एईआरओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं और कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शहरी क्षेत्र में छूटे योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर बीएलओ के साथ-साथ नगर निगम के सफाई कर्मचारी और सुपरवाईजर को टैग करें, ताकि सभी का कंबाइंड मूवमेंट अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में हो और जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं जुड पाया है उनको फॉर्म-6 देकर नाम जोड़ने का कार्य किया जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बूथों में एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी।

उन्होंने प्रत्येक मतदान केन्द्र में पानी, बिजली, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, पार्किंग आदि सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि एईआरओ का हर बूथ पर पर्सनल फोकस हो और ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ-सीओ हर बूथ को देखकर रखें। शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में भी पोलिंग पार्टियों के ठहरने की व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी इआरओ/एईआरओ, बीएलओ, सुपरवाईजर, सफाई कर्मचारी के साथ अपने-अपने स्तर पर निर्देशों के अनुपालन को लेकर बैठक कर लें। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में घूम-घूमकर हर बूथ में व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता हेतु गतिविधियों को तेज करने निर्देश दिया गया। उन्होंने वोटर अवेयरनेस फोरम, वोटर अवेयरनेस ग्रुप, कैंपस एंबेसडर, ईएलसी, स्कूल/कॉलेज, रेसीडेंट अवेयरनेस एसोसिएसशन में ससमय गतिविधि संपादित करने के निदेश दिये। उन्होंने कहा कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप की तरफ से घर-घर जाकर लोगों को मतदान प्रक्रिया और मताधिकार के प्रति जागरुक करें।

## रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** श्री रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने हेतु श्री राम बानर सेना की वार्षिक बैठक संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड राँची में सम्पन्न हुई ।

बैठक की अध्यक्षता लंकेश सिंह ने की एवं संचालन पवन कुमार झा ने किया । बैठक में वर्ष 2023-24 के आय-व्यय का व्यौरा महासचिव पवन झा के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसहमति से पारित किया गया। बैठक में वर्ष 2024 श्री रामनवमी मोहत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

**नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जो कि इस प्रकार है** संयोजक - सूर्यनारायण दास त्यागी महाराज,संरक्षक - राजीव रंजन मिश्रा , राजीव चटर्जी , हरिनारायण सिंह , ॠषिनाथ शाहदेव , संजय सहाय , अध्यक्ष - लंकेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष - मंटू लाला, उपाध्यक्ष - विक्रम सिंह , सतीश पांडेय , अखिलेश राय , संजीव सिंह, महासचिव - पवन कुमार झा, सचिव - अविनाश सिंह ,विनोद सिंह , सूरज पांडेय , मिंटू सिंह , शक्ति रामायण सिंह, संगठन मंत्री - सुदामा सिंह , शिव कुमार , चंदन , नीरज पांडेय , राजू सिंह , शंकर सिंह , विशाल वर्मा, कोषाध्यक्ष - चुटुन पांडेय सह कोषाध्यक्ष - गौतम सिंह, प्रवक्ता - सुनील सिंह सहित 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## टेरर फंडिंग मामले में एनआइए कोर्ट से अनिश्चय गंझू की जमानत याचिका खारिज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने शनिवार को चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में आरोपित चतरा के लावालौंग थाना क्षेत्र के निवासी अनिश्चय गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी। एनआइए के वर्ष 2018 से जुड़े एक मामले में वह छह जून 2020 से जेल में है। एनआइए की ओर से सुनवाई के दौरान अदालत में कहा गया कि प्रार्थी प्रतिबंधित संगठन टीपीसी के लिए कोयला खनन क्षेत्र से जबरन वसूली के माध्यम से नाजायज स्रोतों से धन एकत्र करता है। वह अन्य सदस्यों के साथ मिलकर टीपीसी उग्रवादी के नाम पर भय पैदा कर स्थानीय व्यापारियों से लेवी वसूलने में संलिप्त था।




**नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल की सजा**

रांची : पोक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी कृष्णा भुईया को 20 साल की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 10 हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। यह मामला खलारी थाना क्षेत्र का है। 8 मार्च 2021 को नाबालिग पीड़िता अपने दोस्त के घर गई थी। उस दोस्त के बड़े भाई कृष्ण भुइयां ने नाबालिग को घर छोड़ने की बात कह कर रास्ते में उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजनों को दी थी। इसके बाद नाबालिग पीड़िता के बयान पर खलारी थाना में आरोपित के खिलाफ कांड संख्या 28/2021 दर्ज कराया गया था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किये गये थे।

## श्री चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुताहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष चन्द्र मिश्रा के द्वारा भोग लगाया गया तथा मंदिर परिसर में जुटे भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया, इसमें खिचड़ी,अचार, चिप्स, पूरी सब्जी एवं कचोरी आदि वितरण किया गया। महासमिति के मुख्य संरक्षक के आदेशानुसार के द्वारा 31-03-2024 दिन रविवार को कल एक बैठक बुलाई गई है जिसका समय 12¬30 रखा गया है। जिसे चैती दुर्गा महापूजा से पूर्व यह समय बिल्कुल उपयुक्त है। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य बताई है। अतः सदस्यगण समय से उपस्थित हों।इस प्रसाद वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह (लल्लू सिंह), शंकर दुबे, राहुल सिंह,विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, नमन भारतीय,राहुल रजक,संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, अभिषेक रजक(बाबू),प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा,आदि उपस्थित थे। यह जानकारी महासमिति के पूर्व प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

## रांची के कांटाटोली फ्लाईओवर के नीचे होगी पार्किंग की व्यवस्था

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगर विकास सचिव चंद्रशेखर ने राज्य में शहरी विकास योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। रांची सहित अन्य निकायों में चल रही पेयजल योजनाओं का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से शीघ्र हैंडओवर लेने को कहा है। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम करने को कहा है।



सचिव चंद्रशेखर ने सभी संवेदकों से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर योजनाओं में हो रही देरी का कारण जानने को कहा है। उन्होंने कांटाटोली फ्लाईओवर के काम में तेजी लाने और नीचे पार्किंग की भी संभावना तलाशने का निर्देश दिया। कांटाटोली फ्लाईओवर के नीचे दुकान भी बनाया जायेगा। सचिव ने रांची ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण कार्य की समीक्षा की है। अधिकारियों ने बताया कि मई तक फेज-1 का काम पूरा हो जायेगा।

नगर निकायों के बन रहे भवनों एवं टाउन हाल के निर्माण की प्रगति से भी अवगत हुए। राज्य में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घरों में लाभुकों को शिफ्टिंग कराने पर विशेष बल देते हुए सचिव ने कहा कि सभी आवासों में बिजली पानी जल्द से जल्द उपलब्ध कराएं तभी लाभुक आवासों में गृह प्रवेश करेंगे।

## शिव उरांव संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रेस क्लब में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक ने शिव उरांव को पुष्प गुच्छ देकर उनका पार्टी में स्वागत करते हुए झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष का मनोनयन पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिव उरांव के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और उनके लंबे राजनीतिक अनुभव को पार्टी का लाभ मिलेगा।इस अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक ने आगे कहा की आने वाले दिनों में झारखंड समाज को एक नए विकल्प के रूप में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी देने का काम करेगी और राज्य निर्माण में के देखे गए सपनों को पूरा करने की दिशा में कार्य करेगी साथ ही साथ झारखंड के युवाओं छात्र नौजवान बेरोजगार मजदूर किसान दलित आदिवासी मूलवासी समाज को साथ लेकर एक नए झारखंड के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का कार्य करेगी। विगत 23 वर्षों में झारखंड में सभी पूर्ववर्ती सरकारों ने झारखंड समाज की उपेक्षा की है आज उनके देखे गए सभी सपना आज राज्य निर्माण से पूर्व जहां थे आज वहीं पर है चाहे बीजेपी की सरकार हो चाहे इंडिया गठबंधन की सरकार हो सभी ने राज्य के निवासियों को छलने का काम किया है सभी में धोखा देने का काम किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता सबरीना टोप्पो, मैना उरांव, नरेंद्र साइ, उमा शंकर झा, प्रदीप कुजुर , फिरोज अंसारी बसंत उरांव मनीष चौधरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# कचहरी नमाजगाह में दावत-ए इफ्तार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** कोर्ट कंपाउंड नमाज गाह में दावत इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नमाजगाह के अध्यक्ष अजहर खान पप्पू, सचिव कयूम अहमद, शाह फैसल, आफताब आलम, शमीम अख्तर, शाहिद हुसैन, मोहम्मद राजन, नदीम अहमद, रिंकू खान, अधिवक्ता मुमताज खान, अधिवक्ता हिमायु रशीदी, जया खान, वली साहब, परवेज अहमद, सोनू, सोहेल, रियाज अहमद, इत्यादि सैकड़ो की संख्या में रोजेदार उपस्थित हुए। मगरिब की अजान एम एस वली ने दी। जिसे सुनकर रोजादरों ने इफ्तार किया। राज्य, देश और दुनिया की खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारगी, हिंदू मुस्लिम एकता की दुआ मांगी गई। आयोजनकर्ता में शाह फैसल परवेज आलम, मोहम्मद शमीम, तौहीद आलम, अली हसन, असलम, सुलतान खान,अली रजा, सैयद शाहिद हुसैन, नदीमुद्दीन, सरफराज खान, समेत दर्जनों अधिवक्ता शामिल हुए।

### श्री राम जानकी मंदिर में भागवत कथा आज से

**रांची।** श्री मद्भभागवत कथा का आयोजन 31 मार्च से 7 अप्रैल तक श्रीराम जानकी मन्दिर हाउसिंग कालोनी बरियातू मे आयोजित है,संगीतमय कथा ब्यास पँ दीनानाथ शरण जी वृन्दावन के द्वारा संध्या 7 से 10 बजे तक होगा ,काशी से आचार्य कन्हैया द्विवेदी, कमलाकर द्विवेदी , अम्बुज शुक्ला और कमलेश त्रिपाठी है ,कथा आयोजन मे विभा सिह, प्रतिमा सिंह, जय सिह, पुनीत, शैलेश सिह, प्रत्युष का सहयोग है,जानकरी प रामदेव पाण्डेय ने दिया है।

## रांची के सपूत आनंद राउत की फिल्म वेलकम वेंडिंग में नजर आयेंगे राजपाल और राखी सावंत

**परवेज़ कुरैशी**

**रांची :** पारिवारिक कॉमेडी ड्रामा बेस्ड फिल्म रांची के सिनेमा घर पहुंच चुकी है। फिल्म है वेलकम वेडिंग । यह फिल्म वी.पी फिल्म्स के बैनर तले बनी हिंदी फिल्म एवम आनंद राउत द्वारा निर्देशित है। वेलकम वेडिंग टीजर और पोस्टर मुंबई में लॉन्च किया गया। फिल्म के मुख्य किरदार में राजपाल यादव,राखी सावंत हैं। फिल्म के निर्देशक हैं आनंद राउत, निर्माता विकास प्रसाद, वंदेश्वर प्रसाद, विकास नायक । इस फिल्म में शादी को खास अंदाज में दिखाया गया है।

**कौन हैं आनंद राउतः** प्रभात मंत्र संवाददाता परवेज़ कुरैशी से फोन पर फिल्म के निर्देशक आनंद राउत ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि वे रांची शहर के बरियातू के रहने हैं और कोकर स्थित संत अल्बर्ट हाई स्कूल से मैट्रिक और रांची कॉलेज से आर्ट्स में स्नातक पास किये। स्कूल के समय से ही रंगमंच के प्रति रुचि थी वे ज्ञान परिषद और इप्टा नाट्य संस्था से जुड़े हुए थे। इस दौरान नाट्य रंगकर्मी चंद्र मोहन खन्ना, इप्टा से महबूब खान,इबरार, दूरदर्शन बीएन सिंह, सुबोध कुमार के साथ उन्होंने काम किया करते थे। साथ ही नब्बे के दशक में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा नाट्य कार्यशाला में हिस्सा लेने के बाद फिल्म का नशा सिर चढ़कर बोलने लगा और इस बीच इरबा स्थित हस्तकरघा पर तन का पर्दा लघु फिल्म बनाई और फिर सीधे मुंबई की ओर रुख अख्तियार कर लिया। यहां एकता कपूर की बालाजी हाउस का हिस्सा बने और एजे निर्देशक सिरीयल घर घर की कहानी, क्योंकि सांस भी कभी बहू थी,कर्म अपना अपना आदि शामिल हैं। इसके बाद झारखंड में नागपुरी फिल्म टूवर और हिंदी फिल्म लखनवी इस्क से सिल्वर पर्दे पर आये पहली बार अध्यन सूमन,मुकेश खन्ना जैसे बड़े कलाकारों को लेकर फिल्म का निर्माण किये और दूसरी फिल्म पारिवारिक कॉमेडी ड्रामा बेस्ड फिल्म वेलकम वेडिंग लेकर हाजिर हैं।

**फिल्म के कलाकार :** कलाकारों में राजपाल यादव, राखी सावंत, दर्शन जरीवाला,फरीदा दादी, साहिल कोहली,राजूखेर , अरुण बख्शी, कोमल झा, प्रकाश नाइक, मिलिंद प्रसाद, जय मिश्रा, रुचि काजल, अनोंग सिंगफो आदि । प्रस्तुतकर्ता साक्षात एंटरटेनमेंट के रामकुमार पाल हैं। क्रिएटिव हेड दिव्यंचल त्यागी, गायक जावेद अली, पलक मुच्छल, ममता शर्मा, नक्कास अजीज, अंतरा मित्रा, रुचि काजल, अनोंग सिंगफो रितु पाठक हैं। संपादक और विजुअल प्रमोशन पार्थ वाई भट्ट डोप नरेन गेडिया, लेखक सचिन्द्र शर्मा है ।

## युवा संगम कार्यक्रम के तहत पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय के छात्र पहुंचे राजभवन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** युवा संगम कार्यक्रम के तहत पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय से रांची के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) पहुंचे छात्रों ने शनिवार को राजभवन का भ्रमण किया। इस दौरान राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि युवा संगम के तहत राजभवन आने वाले यह तीसरा दल है। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर, उसके बाद हरियाणा से विद्यार्थी आए थे और आज आप लोग आए हैं। कुलकर्णी ने कहा कि झारखंड में लगभग 27 प्रतिशत आबादी जनजातियों की है। झारखंड के भौगोलिक क्षेत्र का 33 प्रतिशत से अधिक हिस्सा वन और वृक्षों से आच्छादित है। यह राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण है। देश की लगभग 40 प्रतिशत खनिज सम्पदा यहां मौजूद है। यहां कोयले का अपार भंडार है। उन्होंने कहा कि यहां भगवान बिरसा मुंडा सहित कई महान स्वतंत्रता सेनानी हुए। विद्यार्थियों ने संवाद के क्रम में कहा कि सोशल मीडिया पर यहां के संदर्भ में बहुत कुछ देखा था लेकिन यहां आकर बहुत कुछ प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिला। झारखंड राज्य को वे लोग सिर्फ टाटा, महेंद्र सिंह धोनी के लिए प्रसिद्ध मानते थे लेकिन यहां विभिन्न सामाजिक संस्थान हैं। यह राज्य प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है एवं यहां के पर्यटन स्थल लोगों को आकर्षित करते हैं, जो रोजगार का भी सृजन कर सकता है। छात्रों ने कहा कि यहां के जनजातीय समुदाय के लोग शिक्षित हैं तथा विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं, यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। राज्य कृषि के क्षेत्र में और प्रगति कर सकता है। यहां के लोग अच्छे और व्यवहार कुशल हैं। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य ने कहा कि हमारे छात्र यहां की संस्कृति से बहुत प्रभावित हुए हैं। ये यहां पंजाब के एंबेसडर बनकर आये थे और अब ये झारखंड के एंबेसडर बनकर जा रहे हैं।



# राजद ने कैलाश यादव को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय प्र. सिंह यादव ने अत्यंत प्रखर संघर्षशील, कर्मठ व वरिष्ठ अनुभवी नेता कैलाश यादव को राजद पार्टी में प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत किया है। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय प्र. यादव ने मनोनीत करने के दौरान कहा की कैलाश यादव जनप्रिय नेता है ये पूर्व में भी राजद में कई महत्वपूर्ण पद पर कार्य कर चुके हैं । इन्होंने काफी मुखरता से जनहित और पार्टी हित में निरंतर कार्य करते रहे हैं । उम्मीद है कि यादव अपने अनुभव का इस्तेमाल कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे एवं एक प्रखर वक्ता के तौर पर विपक्ष के जनविरोधी व नकारात्मक कार्यशैली को बेनकाब करने का काम करेंगे । कैलाश यादव ने पार्टी द्वारा पद सम्मानित करने पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव,बिहार में प्रतिपक्ष के नेता युवाओं के भविष्य तेजस्वी यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय प्र सिंह यादव,संसदीय बोर्ड अध्यक्ष सुरेश पासवान,वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा,पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित संगठन के तमाम नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## कल्याणपुर में सरहुल महोत्सव सह मेला को लेकर ग्रामीणो की हुई बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर में आगामी 11 अप्रैल को सरहुल महोत्सव शोभा यात्रा सह मेला आयोजन को लेकर कल्याणपुर स्थित सरना क्लब में ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी और संचालन शिव शंकर साव ने किया। इस ऐतिहासिक सरहुल महोत्सव सह मेला आयोजन को लेकर टंडवा प्रखंड प्रमुख ने बताया की झारखंड प्रदेश में मुड़मा मेला के तर्ज पर कल्याणपुर में भी मेला का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।इस सरहुल महोत्सव सह मेला में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से व्यवसाईयों के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए जाते हैं।इस मेला आयोजन में विधि व्यवस्था सहित शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने को लेकर अगली बैठक में नई कमेटी का गठन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के सभी समाजसेवी,जनप्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन,सीसीएल अधिकारी एवं काफी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।बैठक को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।इस बैठक में मुख्य रूप से ललिता कुमारी, मनेश्वर भगत,बालेश्वर उरांव, अरुण उरांव,संगीता कुमारी, महेंद्र उरांव,फलेंद्र पासवान, विनोद उरांव,संतोष उरांव, मोनय उरांव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजुद थे।

## बचरा स्टेशन रोड में जोहार रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर स्टेशन रोड में जोहार रेस्टोरेंट का शुभारंभ शनिवार को किया गया।इसका उद्घाटन रेस्टोरेंट के संचालक दीपक कुमार महतो की मां तेतरी देवी ने फीता काट कर किया।जोहार रेस्टोरेंट के संचालक दीपक कुमार महतो ने बताया कि इस रेस्टोरेंट में उचित मूल्य पर हंडी मटन,मटन बिरयानी,चिकेन बिरयानी, सहित रेस्टोरेंट के सभी सामग्री उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट खुलने से यहां के लोगों को भोजन के लिए काफी राहत मिलेगी।इस मौके पर राय पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव, बचरा ब्यसायिक संघ के अध्यक्ष सुनील प्रसाद,सोनु कुमार,आशीष कुमार सिंह, विकास कुमार,प्रकाश कुमार, नरेश राम,अरूण कुमार, अजय शर्मा,गीता एक्का, बरुण कुमार,रामटहल महतो,नरेश राउत,हरिश शंकर सहित कई लोग मौजूद थें।

## कल्याणपुर मे तेज रफ्तार कोयला वाहन पलटा, बाल बाल बचे ग्रामीण



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत स्थित रांची चतरा मुख्य मार्ग के महादेव गढा पुल के समीप अनियंत्रित कोयला लदा हाईवा डम्पर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मगध आम्रपाली से कोयला लदा हाईवा पिपरवार स्थित सीएचपी/सीपीपी परियोजना जा रहा था,इसी दौरान अनियंत्रित होकर कल्याणपुर महादेव गढा पुल के समीप पलट गया।घटना मे कई ग्रामीण व राहगीर डम्पर की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए।बताया जाता है कि उक्त हाईवा चालक नशे की हालत में था।लोगों की माने तो ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा बाहरी गाड़ियों व अकुशल चालकों के सहारे तमाम मानकों को दरकिनार कर परिचालन किया जा रहा है। वहीं जिला प्रशासन के सड़क सुरक्षा नियमों की बार-बार अवहेलना की जा रही है। जिससे आम जनमानस का राह चलना भी मुश्किल हो गया है।राहगीरों एवं स्कूली बच्चों के बीच डर बना रहता है की कब कोई अनहोनी हो जाए।इधर घटना के बाद वहां लोगों की काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई।लोगों ने कोल वाहनों के परिचालन का जमकर विरोध किया।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सिल्ली थाना में चुनाव को लेकर लाइसेंसी हथियारों को जमा किया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगामी लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए शनिवार को लाइसेंसी हथियार धारियों ने अपने हथियारों को सिल्ली थाना में मजिस्ट्रेट प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला के समक्ष जमा किया गया ! जमा करने वालों में राजेंद्र नाथ पान्डेय बुंडू रोड सिल्ली, हराधन महतो लोवादाग थाना सिल्ली,शंभू नाथ महतो बुंडू रोड सिल्ली, महेंद्र नाथ महतो टूंकू थाना सिल्ली, मनिंद्रनाथ महतो घाघरा थाना सिल्ली, रंगलाल बड़ाईक दोवाडू थाना सिल्ली के निवासी है।

# शहरी क्षेत्र में जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा ÷मतदाता जागरूकता ऑटो(टोटो) रैली÷ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली के माध्यम से शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को किया गया जागरूक। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला अंतर्गत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में आम




जनों को क्षेत्र में मतदान करने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में आवश्यक रूप से मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो। इसी क्रम में सभी उपस्थित वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं टोटो चालकों ने मतदाता प्रतिज्ञा ली। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान के लिए योग्य जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में किसी वजह से नहीं जुड़ पाया हैं, वे फॉर्म-6 भरकर जमा कर सकते हैं। छूटे हुए योग्य नागरिक नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया एवं वोटर हेल्पलाइन एप की भी मदद ले सकते हैं। साथ ही मतदाता सूची में अपने नाम का मिलान करें कि आपका नाम किस मतदान केन्द्र पर है, ताकि आप अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# युवा कांग्रेस के नेताओं ने खाता फ्रिज किए जाने को लेकर किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** प्रदेश के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चौक खूंटी में बीजेपी सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रीज करने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके में जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा ने कहा कि बीजेपी सरकार चुनाव में अपनी हार को लेकर पूरी तरह डरी हुई है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस तरह की ऊल-जुलूल हरकत कर कांग्रेस पार्टी को डराना चाह रहे हैं लेकिन युवा कांग्रेस उसको इस इलेक्शन पर




करारा जवाब देगी । कांग्रेस पार्टी को जनता पूरा सपोर्ट कर रही है इस लोकतांत्रिक हत्या के कृत्य को देखकर जनता भी उनकी तख्त को पलट देगी। मौके में युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बहामुंडा, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष गुलीट मिश्रा, खूंटी प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ, युवा नेता मोहम्मद उस्मान, राजू, मधु, सुखवा, मनीष, श्रवण, करण करण आदि दर्जनों युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ठाकुरगांव के पतरातु में मुस्लिमों के दो गुटों के बीच मारपीट के बाद तनाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठाकुरगांव :** रमजान का मुबारक महीना भी चल रहा है रांची समेत पूरे झारखंड और देश दुनिया के मुसलमान रोजा रखकर अल्लाह के इबादत में मशगूल रहते हैं लेकिन रांची की जमीन पर कुछ ऐसे लोग मौजूद है जिन्हें ना तो रमजान की परवाह है और ना ही अल्लाह का खौफ, इसके बावजूद रमजान पाक के मुकद्दस महीने का ख्याल नहीं रखते हुए मुसलमान आपस में ही लड़ गए, जिसका नतीजा काफी बुरा हुआ झारखंड की राजधानी रांची से सटे ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में इफ्तार खोलने के बाद मुस्लिम के दो गुटों में ही जमकर बवाल हुआ, एक गुटों ने आरोप लगाया है कि तलवार फरसा और कोड़ी से सर पर और शरीर के कई हिस्सों पर हमला हुआ है, देर शाम दो पक्षों के बीच आपसी विवाद में जमकर मारपीट हुई मारपीट में दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए हैं बताया जाता है कि गांव के अंजुमन कमेटी को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई पुलिस के अनुसार एक पक्ष में ताहिर अंसारी, मंदिरुद्दीन अंसारी, मुजाहिद अंसारी और रमजान अंसारी घायल हुए हैं वहीं दूसरे पक्ष से तौफीक आलम, जावेद, कमरुद्दीन अंसारी और वसीम अंसारी घायल हो गए हैं घायलों का इलाज बुढ़मू अस्पताल में कराया जा रहा है थाना में दो गुटों द्वारा आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है, थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है और पुलिस के बड़े अधिकारी भी अपनी नजर बनाये हुवे है।

## ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण कई दिनों से लोग अंधेरे में



**मुरी :** सिल्ली प्रखंड के रामपुर में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण कई दिनों से लोग अंधेरे में रहने को विवश है। लोगों के मुताबिक इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों को दी गई है । स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस बात का पता होने के बावजूद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों को सहन करने सीमा अब पार कर गई है कभी भी उग्र रूप ले सकते हैं।

# हुड़वा पंचायत ग्राम प्रभारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी का बैठक हुड़वा पंचायत प्रभारी राजू उराँव और लक्ष्मी देवी की अध्यक्षता में ग्राम प्रभारी का चुनाव हुवा जिसके मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने सभी को आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांतों को




बताते हुए पार्टी की शपथ दिलाए जिसमें पंचायत के सभी गाँव में ग्राम प्रभारियों की सूची इस प्रकार रही हजाम से विनोद गाड़ी ,सालो देवी सहेदा से महादेव उरांव ,पिंकी तिर्की डाहुटोली से विक्रम कच्छप डुंडीगाढ़ा से बिनित कच्छप ,सुषमा कुमारी निश्चिपुर से राम मुंडा, करकट्टा से रोतन कच्छप, देवगांव से राहुल उराँव, गंगिया कुमारी हुड़वा से जगरनाथ टोप्पो, विनीता देवी मेढा से विपिन मुंडा, शुशीला एंड सिरी से सोमा मुंडा इस बीच शिवचरण स्वांसी, रीना कच्छप, बिरसी देवी, आदि लोग उपस्थित रहे ।

# श्याम शरण में आजा रे का द्वितीय वार्षिक उत्सव पर निकाली गई भव्य निशान यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** हो रही बाबा की नगरी में केसर चंदन का छिड़काव..., आयो सांवरिया सरकार नीले पर चढ़कर..., डोरी खींचकर रखियो यों है बाबा को निशान..., पैदल चालनीया के साथ चाला बाबा श्याम..., खाटूवाले श्याम धनी से हेत पुराना सा..., ओ दर्जी सील द निशान माने खाटू जाना सा..., हो गलती तेरी है सांवरिया फागुन दिखा दियो एक बार..., आ गया मैं दुनिया दारी सारी बाबा छोड़ कर..., सजना का शौकीन है कोई इसे... जैसे भजनों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु भक्त हाथों में निशान लेकर झूमते नाचते हुए धनबाद के प्रसिद्ध गायक अभिषेक सिंघल के भजन पर गोता लगाते रहे. शहर के स्टेशन रोड स्थित काली मंदिर से बाबा श्याम का निशान यात्रा प्रारंभ हुई. जिसकी शुरुआत पंडित अनिल आचार्य एवं विजय उपाध्याय ने मंत्र उच्चारण के साथ निशान पूजा कर की. इसमें यजमान के रूप में हिमांशु केडिया, प्रीति केडिया शामिल हुए. जबकि बाबा श्याम के रथ और एक सुसज्जित वाहन में सजे विभिन्न देवी देवताओं के दरबार के समक्ष लड्डू गोपाल राजगढ़िया ने नारियल पधार कर एवं हरी झंडी दिखा कर निशान यात्रा को रवाना किया. निशान यात्रा शहर के झंडा चौक, पूर्णिमा टॉकीज, महाराणा प्रताप होते हुए आयोजन स्थल शिव वाटिका पहुंच कर संपन्न हुई. इस दौरान हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के जयकारों से गूंजयमान होता रहा. वही ढोल नगाड़ों की गूंज से वातावरण भक्ति में हो गया. निशान यात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में नजर आए. निशान यात्रा में सबसे आगे एक बाबा श्याम का निशान एवं एक वीर हनुमान का निशान संजय शारडा एवं प्रवीण सिंह के साथ ही 351 निशान लेकर श्रद्धालु भक्त चल रहे थे.

इस दौरान पुलिस प्रशासन की सक्रियता भी दिखी. शिव वाटिका में श्रद्धालु भक्तों ने निशान अर्पित करने के बाद अपने अपने घरों में ध्वज लहराने के लिए ले गए. वहीं लड्डू गोपाल की सामूहिक पूजा अर्चना हुई. जिसमें मुख्य यजमान के रूप में दीपेश जेठवा, संगीता जेठवा के अलावा कार्यक्रम के संयोजक विवेक सहल, सीमा सहल, सह संयोजक मनोज लड्ढा रश्मि लड्ढा, प्रवीण सिंह, मधु सिंह, संजय नरेडी, ममता नरेडी, संजय शारडा, सुनीता शारडा, मनोज जोशी, सुजाता जोशी सहित कई श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे. वहीं दोपहर में कोलकाता से आए सुंदर कांड वाचक हरीश भारती ने सुंदर कांड का पाठ कराया. इसमें यजमान के रूप में मनोज केडिया और रश्मि केडिया शामिल हुए. इस दौरान मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी... की गूंज से पूरा शिव वाटिका गूंजयमान होता रहा.

इस दौरान बाबा का अलौकिक श्रृंगार, सवा मणि प्रसाद, छप्पन भोग बाबा श्याम को अर्पित किया गया. ज्योत प्रज्वलन विकास वैश्यकियार व ज्योति वैश्यकियार ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में श्याम शरण में आजा रे के सुजीत लोहानी, अरविंद चौधरी, संतोष लड्ढा, संजू पिलानिया, अविनाश कपसीमे, संदीप लोहानी, विपुल चौधरी, रवि दाहिमा, सांसद प्रतिनिधि संजय शर्मा, संजय अग्रवाल, आयुष पोद्दार, संजय सूद, जय दाहिमा, उमंग कंदोई, तन्मय लड्ढा, चंद्रशेखर जोशी, वत्सल कंदोई, मनोज जोशी, शुभम कुमार, चिंटू अग्रवाल, प्रवीण जोशी, ऋषभ सिंह, आर्यन हर्षराज, सीताराम केसरी, विवेक कुमार, रणधीर कपसीमे, अजय शर्मा, विकास अठघरा, जोशी कुमार, महावीर खेतान, चिंटू अग्रवाल, युवराज सहल, उमेश जोशी, प्रिंस सहल, सज्जन शर्मा, संजय खेमानी, विजय अग्रवाल, सुधीर कुमार, आशीष भदानी, सत्यम कुमार, उदय बडगवे, रितेश सिंह, विनोद सोनी, रवि कुमार लोहानी, मनोज सोनी, पीयूष सहल, यश बंसल, सुजाता जोशी, सुनीता शारडा, शालिनी दाहिमा, पूनम सहल, वंशिका जोशी, कृतिका मोदी, पिंकी खेतान आदि मौजूद थे.

## बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा व्यवस्था प्रदान करना ही आरटीसी स्कूल का उद्देश्य है : नरेंद्र नाथ महतो

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरटीसी पब्लिक स्कूल में आयोजित पैरेंट ओरिएंटेशन कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे नए सत्र के सभी अभिभावकों के साथ छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने कहा कि बचपन से ही हर बच्चे के जीवन में नई उमंगे एवं नई ऊंचाइयां आकार लेना शुरू हो जाती हैं। बच्चे के व्यक्तित्व के विकास में स्कूल का प्रमुख



योगदान होता है। कहा कि क्षेत्रीय बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा व्यवस्था प्रदान करना ही आरटीसी स्कूल का उद्देश्य है। वहीं स्कूल के प्राचार्य ने शिक्षण विधि एवं सुविधाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। और कहा कि इस बार सभी कक्षा वर्ग में नामांकन को निशुल्क कर दिया गया है। उन्होंने शिक्षण की कार्य प्रणाली, छात्र-छात्राओं की मूल्यांकन विधि सहित तमाम जानकारियां दीं।अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद स्कूल के प्रधानाध्यापक ने किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बीजेपी से रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के कांग्रेस में शामिल होने पर कांग्रेस जनों में खुशी की लहर

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीजेपी के कद्दावर नेता सह रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी जी का कांग्रेस परिवार में हार्दिक स्वागत है। उनके आने से रांची लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की मजबूती होगी एवं इंडिया गठबंधन को पूरे झारखंड में इसका लाभ मिलेगा। बीजेपी से रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के कांग्रेस में शामिल होने पर सिल्ली कांग्रेस जनों में खुशी की लहर दौड़ गई। चौधरी जी को सिल्ली विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी दिनेश साहू, रांची जिला



ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव बलराम महतो, योगेंद्र कोईरी, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष भूतनाथ मंडल,सिल्ली प्रखंड महिला अध्यक्ष सुनिता कुमारी, अल्पसंख्यक सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, एस टी अध्यक्ष श्री प्रसाद बड़ाईक, पंचायत अध्यक्ष पिनाकी बनर्जी, प्रकाश मुंडा, लालू कोईरी, दीपक कर, जमिलरुद्दीन मोमिन, निताई महतो, सोमरा माझी, बिंदेश्वर महतो, दुर्गा यादव, हरिचरण करमाली, मोहन उपाध्याय, तेजू मुंडा, निताई माझी, घासीराम पातर, चैतन मुंडा, अशोक महतो, सदानंद सोनार, रामु मोदक, लखी चित्रकार, मो विलाल, अरविंद यादव इत्यादि कांग्रेस जनों ने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी जी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।साथ ही कांग्रेस जनों ने हर्ष जताया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को प्रखंड के कुर्गी पंचायत अंतर्गत सेमरा स्थित जीजेएस पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों के द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग, विंड मिल पावरप्लांट, सोलर सिटी, इलेक्ट्रिसिटी कनवर्टर, मल्टी पर्पस फार्मिंग, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी पावर प्लांट समेत कई मॉडल प्रदर्शित किए गए। सफल छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कंप्यूटर लैब का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिनोद कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक चंद्रमणि कुमारी, जयश्री दास, मेधावरत दास, विराज तिर्की, सोनल कुमारी, रिची कुमारी, राधे ठाकुर, शंकर दास सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## मांडर प्रखंड सभागार में पंचायत सहायको के द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड सभागार में शानिवार को पंचायत सहायको के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत सहायक के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रदीप कुमार व रांची जिला अध्यक्ष गौतम कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पंचायत सहायको के द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही इस अवसर पर उपस्थित पंचायत सहायको ने अपने अपने परिचय देते हुए विचार प्रकट किए। इस दौरान उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार को बुके देकर स्वागत किया। वहीं बीडीओ ने सभी का परिचय लेते हुए कहा कि आप सभी पंचायत में जनप्रतिनिधियों से आपसी तालमेल बनाकर विकास योजनाओं में भागीदारी निभाए मैं हर तरह से आपलोगों को सहयोग करूँगा। वहीं चर्चा परिचर्चा करते हुए रंगों का त्योहार होली मिलन समारोह का आनंद उठाया। मौके पर अध्यक्ष अलताफ अहमद अंसारी, सचिव अमन कुमार, उपाध्यक्ष अमित कुजूर, अजहरुद्दीन अंसारी, शमसेर अंसारी, प्रतिभा कुमारी, पूनम कुमारी, अंजुम आरा, सरताज अंसारी, सहीद अंसारी, सोनू कुमार साहू सहित 19 पंचायत के पंचायत सहायक उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## भव्य कलश यात्रा के साथ हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा सोलो आना समिति द्वारा शनिवार को कलशयात्रा कर हरिनाम संकीर्तन का गंधादिवस के साथ शुभारंभ किया गया।



सीता नाला नदी के सितु घाट से 108 कुमारी कन्याओं ने करीब 3 किलोमीटर पैदल चलकर डुमरा हरिमंदिर पहुंचे। पुजारी दोलु चटर्जी द्वारा नदी घाट पर पूजा अर्चना कर कलशों में जल भरकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। गाजे-बाजे और भजन कीर्तन के साथ भक्ति भाव से नाचते गाते सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा के साथ हरी मंदिर पहुंचे और वेद मंत्रोच्चार कर कलश स्थापना किया गया। कलश स्थापना के बाद हरी मंदिर में शाम को गंधा दिवस के साथ अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन में बंगाल व झारखंड के कुल 6 संकीर्तन दलों के द्वारा अखंड हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। मौके पर बिमल चन्द्र मांझी, ग्राम प्रधान बिजय सिंह मुण्डा, अक्षय प्रामाणिक, बीपद तारण लायेक, भोलानाथ दास, नारायण चक्रवर्ती, सत्यवान सिंह मुण्डा, रविन्द्र नाथ पातर , सोनु प्रामाणिक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## परसुडीह में हरिनाम महायज्ञ के 43वां वार्षिकोत्सव का समापन आज

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री राधा गोविंद सेवा समिति परसुडीह द्वारा आयोजित श्री श्री हरिनाम महायज्ञ (8 प्रहर व्यापी हरिनाम संकीर्तन) का 43वां वार्षिकोत्सव पर तीन दिनों तक होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम का



आयोजन परसुडीह ग्वाला बस्ती स्थित राधा गोविंद मैदान में हो रहा हैं। अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ शुक्रवार की रात 9 बजे अधिवास कीर्तन से हुआ। शनिवार सुबह से अखंड हरिनाम संकीर्तन चल रहा हैं, जो रविवार सुबह तक होगा। रविवार 31 मार्च को दोपहर 2.30 बजे से महाप्रसाद वितरण और संध्या में बाउल गीत से कार्यक्रम का समापन होगा। इस संबंध में सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष सूर्यकांत घोष और महासचिव रतन डे ने प्रेस-विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान और नादिया से कुल 5 कीर्तन मंडली आयी है, जिसमें दो महिला मंडली भी हैं।

## एमजीएम अस्पताल में जरूरतमंद को समाज सेवी सोनी मिश्र ने करवाया भोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से एमजीएम अस्पताल में रह कर इलाज करा रहे मरीज के अभिभावक, रिश्तेदार व अटेंडर के बीच समाजसेवी सोनी मिश्रा और रमन राज मिश्रा ने अपने हाथों से



जरूरतमंद लोगों के बीच फल, ब्रेड, केला और फरूट केक का वितरण 500 लोगों के बीच किया। सोनी मिश्रा ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत खुशी का इजहार किया और उन्होंने कहा ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा इस तरह के सामाजिक कार्यों के बारे में मैं पढ़ती रहती थी आज मुझे बहुत खुशी है कि मैं अपने हाथों से जरूरतमंदों के बीच इस तरह की सेवा करने का मौका मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रनजीत रणजीत मिश्रा और मोहम्मद अशफाक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को कामयाब बनाने में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी, सचिव मुख्तार आलम खान, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, मास्टर खुर्शीद अहमद खान, ताहिर हुसैन, मोहम्मद शेरू और नादिर खान ने अपना योगदान दिया।

## तिरुलडीह में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ वार्षिक श्रीमद्भागवत पाठ महायज्ञ

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखण्ड क्षेत्र के तिरुलडीह कोइरी टोला में सोलोआन की ओर से कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत पाठ महायज्ञ का आरंभ किया गया। पंडित वशिष्ट नारायण पांडेय द्वारा पूजा पाठ के



उपरांत बालिका कन्याओं के द्वारा स्वर्णरिखा नदी से जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए हरे कृष्ण,हरे राम नाम के कृतन के साथ श्रीमद्भागवत पाठ व महायज्ञ का कलश स्थापित किया गया। पंडित वशिष्ठ नारायण पांडेय ने बताया कि अगले 9 दिनों तक प्रत्येक वर्ष हमारे तिरुलडीह कोइरी टोला में सोलोआना कमिटी के द्वारा श्रीमद्भागवत पाठ के साथ महायज्ञ एवं संध्या में आरती उपरांत श्रीमद्भागवत पाठ का प्रवचन किया जाता है। इस वर्ष भी विभिन्न प्रवचन कर्ता के द्वारा श्रीमद्भागवत पाठ का प्रवचन किया जायेगा।

## ग्रामउन्नयन मिशन स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सुधापूर गांव स्थित ग्रामउन्नयन मिशन स्कूल के सप्तम वार्षिक समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि गम्हरिया इंग्लिश स्कूल की प्रशासक रीमा



बनर्जी और विशिष्ट अतिथि डिवाइन एजुकेशन के निदेशक जयंत कुमार बोस ने संयुक्त रूप से विद्यालय के संस्थापक सुमित रंजन दास के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सम्मानित अतिथि के तौर पर पूर्व मुखिया सोखेन हेंब्रम, जवाहर लाल महाली, समाजसेवी बिनोद राय, अमित रंजन दास, ग्राम प्रधान साधन चंद्र महतो आदि भी उपस्थित थे। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों व नृत्य, संगीत की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक रंजीत मंडल, प्राचार्या ममता मंडल, शिक्षिका सपना कुमारी, सीमा महतो, शीतल मंडल समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे व काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

रविन्द्र भवन सभागार में निर्वाचन साक्षरता क्लब का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## 10 अप्रैल तक शत प्रतिशत युवा मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करें : अनन्य मित्तल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत युवा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिले के ईएलसी सदस्यों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रविन्द्र भवन सभागार, साकची में किया गया। कार्यशाला में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने युवा मतदाताओं के बीच व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का संदेश दिया ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाने के लिए, हमारा उद्देश्य सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना है।

उन्होंने कहा कि सभी लोग बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन एप, वोटर सर्विस पोर्टल तथा टोल फ्री नंबर 1950 के माध्यम से ऑनलाइन अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर से करा सकते हैं। यदि 18 वर्ष से ऊपर के किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो तुरंत एप के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म 6 भरकर या बीएलओ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं जिससे 25 मई को आप मतदान कर सकें। उन्होने कहा कि सभी कॉलेज में ईएलसी नोडल एवं कैम्पस एम्बेसडर 10 अप्रैल तक शत प्रतिशत युवा मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करें ताकि आगामी चुनाव में वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य से निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) का गठन किया गया है । अपने-अपने स्कूल व कॉलेजों में गठित ईएलसी को सक्रिय करते हुए निरन्तर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलायें ।

## वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप कोषांग के अंतर्गत आज केजीबीएस स्कूल राजनगर द्वारा विद्यार्थियों के द्वारा, रंगोली बनाकर जागरूकता रैली द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर बनाए गए रंगोली प्रतियोगिता आयोजन के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में %चुनाव का पर्व देश का गर्व%



आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान करने हेतु मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## जमशेदपुर के निजी स्कूलों के शिक्षकों को प्राईवेट ट्यूशन लेने पर रोक लगाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के निजी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्राईवेट ट्यूशन लेने पर पूरी तरह से रोक लगाने की मांग को लेकर आज जमशेदपुर अभिभावक संघ के अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार ने एक ज्ञापन जिला शिक्षा अधीक्षक सह नोडल पदाधिकारी, आर.टी.ई पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को सौंपा है डॉ उमेश ने बताया कि जमशेदपुर शहर के निजी स्कूलों में कक्षा 9 और 11 में सत्र 2023-24 में कुल मिलाकर 2000 से भी ज्यादा बच्चे फेल हुए हैं। इन बच्चों के फेल होने में स्कूल के अलग-अलग विषय के



शिक्षकों द्वारा प्राइवेट टियूशन लेना भी एक अहम् कारण सामने आया है क्योंकि इन शिक्षकों द्वारा जितनी मेहनत स्कूल के क्लास के बच्चों पर करना चाहिए, जितनी अच्छी से अच्छी नोटस इन बच्चों को उपलब्ध करानी चाहिए वैसा न कर ये शिक्षक अपने ट्यूशन क्लास में बच्चों पर ज्यादा ध्यान देते है और अपने टियूशन क्लास के बच्चों को ऐसे नोट्स भी उपलब्ध कराते है की परीक्षा में आने वाले अधिकतर प्रश्न उस नोट्स से टैली कर जाते हैं। ऐसे में टियूशन लेना बच्चों कि मजबूरी बन जाती है। ऐसे में बच्चे जरुर अपने परीक्षा में पास तो हो जाते है पर उन बच्चों का असल पढ़ाई का आधार कमजोर होता जाता है। उन्होंने मांग किया है कि आर टी ई अधिनियम 2009 कि धारा 28 के प्रावधान के तहत निजी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्राइवेट टियूशन लेने पर पूरी तरह से रोक लगाया जाए।

रंगदारी मामले में व्यापारी की पत्नी हत्या के खिलाफ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

## 72 घंटे के अंदर अपराधी गिरफ्तार हो नहीं तो जमशेदपुर रहेगा बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बीती रात होटल से खाना खाकर लौट रहें व्यापारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल को रंगदारी नहीं देने पर अपराधियों ने गोलियों से भून दिया था। जबकि पहले ही व्यापारी परिवार में रंगदारी मांगने की शिकायत पुलिस से की थी लेकिन कथित रूप से पुलिस के द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों का मनोबल बढ़ गया। व्यापारी की पत्नी को निशाना बना दिया जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना के खिलाफ व्यापारी संगठनों में भारी आक्रोश है सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स ने शनिवार को एक बैठक करते हुए प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि 72 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं





होती है तो जमशेदपुर बंद किया जाएगा।

बैठक में जिला के उपायुक्त और एसएसपी से अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की गई है।

इस घटना से व्यापारियों में एक बार फिर खौफ का माहौल कायम हो गया है। साथ ही पुलिस प्रशासन की व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं। बता दें कि सोनारी आस्था हाई टेक के रहने वाले कारोबारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल (39) की शुक्रवार की रात सरायकेला-खरसावां जिला के कांदरबेड़ा में अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। प्लाईवुड कारोबारी रवि अग्रवाल, अपनी पत्नी को घायल अवस्था में अस्पताल ले कर गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैली गई है और व्यापारियों में आक्रोश का भाव है। घटना के बाद राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सोंथालिया सहित कई व्यापारी टीएमएच पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की।

मिली जानकारी के मुताबिक कारोबारी से रंगदारी की मांग की गई थी। इस सम्बंध में मामला भी दर्ज कराए थे। रवि अग्रवाल का भुइयांडीह में प्लाई की दुकान है। कुछ दिनों पूर्व रवि अग्रवाल से फोन पर रंगदारी की मांग की गई थी, जिसकी शिकायत रवि अग्रवाल ने सीतारामडेरा थाना में की थी। आरोप है कि रंगदारी नहीं देने के कारण इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल को एनएबीएच से मिला नर्सिंग उत्कृष्टता का सर्टिफिकेट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, (बीएनएच) तामोलिया, जमशेदपुर (नारायण हेल्थ, बैंगलोर की एक इकाई) को नर्सिंग उत्कृष्टता के लिए अपनी हालिया प्रशंसा की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। संस्थान को असाधारण नर्सिंग देखभाल और रोगी कल्याण के प्रति समर्पण की मान्यता के लिए एनएबीएच (भारतीय गुणवत्ता परिषद का संविधान बोर्ड) द्वारा नर्सिंग उत्कृष्टता से सम्मानित किया गया है। इस संबंध में फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि हम इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर रोमांचित हैं, जो हमारी नर्सिंग टीम के अटूट समर्पण और अथक प्रयासों का प्रमाण है। रोगी देखभाल में उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है और इस मान्यता के योग्य है। नर्सिंग अधीक्षक रूपा मिंज ने कहा कि हमें अपनी नर्सों पर बेहद गर्व है जो हमारे मरीजों के लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम सुनिश्चित करने के लिए लगातार आगे बढ़ती हैं। ष्यह पुरस्कार उनके समर्पण, विशेषज्ञता और करुणा का प्रतिबिंब है। मालूम हो कि यह पुरस्कार गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग प्रथाओं, निरंतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा वितरण में नवाचार को प्राथमिकता देने के लिए ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल के चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डालता है। यह समुदाय के भीतर असाधारण नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में अग्रणी के रूप में अस्पताल की स्थिति की पुष्टि करता है।

## शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे झामुमो नेता



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के निर्देश पर झामुमो नेता हिमांशु महतो शनिवार को शोकाकुल परिवार से मिलने बोड़ाम प्रखंड के रूपसान गांव पहुंचे। झामुमो नेता ने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मिलकर ढांढस बंधाया और असामयिक मृत्यु होने की दु:ख प्रकट किया। झामुमो नेता हिमांशु महतो ने बताया कि रूपसान गांव निवासी जगन्नाथ भुइयां की धर्म पत्नी विलासी भुइयां की निधन पिछले दिनों हो गई थी। परिजनों ने विधायक को श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। लेकिन किसी कारणवश विधायक शामिल नही हो सके। मौके पर रामु कुंभकार, साधु भुइयां, पिंटू भुइयां, टींकु भुइयां आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा पटमदा में मंडल पदाधिकारी व बुथ अध्यक्षों की समीक्षा बैठक संपन्न



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा पटमदा मंडल कार्यालय में शनिवार को मंडल अध्यक्ष मंटूचरण दत्त की अध्यक्षता में एक जरुरी बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी एवं विभिन्न बूथो के अध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान सभी बूथों के बूथ कमेटी, पन्ना प्रभारी की गठन एवं सांगठनिक कार्य की समीक्षा की गई। प्रभारी के रूप में जिला जमशेदपुर महानगर के उपाध्यक्ष बबुआ सिंह एवं जुगसलाई विधानसभा के विस्तारक हिमांशु दुबे उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बेसरा, जिला मंत्री जितेंद्र राय, जिला, शरत सिंह सरदार, कृष्णपद सिंह, संतोष सिंह, उत्तम दत्त समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला विभिन्न पंजीकृत राजनीतिक दल के सदस्यों की उपस्थिति में सामुदायिक भवन सरायकेला स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की उन्होंने जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी से लिया। ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख-रखाव का भी जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी को कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजने की बात की। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, सोशल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय एवं विभिन्न राजनीतिक दल के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## धातकीडीह में पावर ग्रिड निर्माण के विरोध में आदिवासी मूलवासी भूमि रक्षा मोर्चा की बैठक




**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी मूलवासी भूमि रक्षा मोर्चा की एक बैठक संग्राम मार्डी की अध्यक्षता में कांड्रा के धातकीडीह में सम्पन्न हुई। बैठक में खुचीडीह में कैनाल का सौंदर्यकरण व निर्माण, पाइपलाइन बिछाने का कार्य, धातकीडीह मौजा में वन विभाग की भूमि में विद्युत ग्रिड का निर्माण, हथियाडीह में पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में धारा 144 लगा कर वहां के ग्रामीणों को जेल भेजने आदि मामले पर चर्चा की गई। इस मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष संग्राम मार्डी ने कहा कि पावर ग्रिड का निर्माण उंक्त जगह पर कराया जा रहा है जहां राजकीय धर्मस्थल करम ग्राम पूजा स्थल है। वहां भी जिला प्रशासन दलबल के साथ ग्रामीणों को बिना सूचित दिए ही निर्माण कार्य करा रही है। उसके विरोध में भी ग्राम सभा के माध्यम से केंद्र सरकार और राज्य सरकार को लिखित आवेदन भी दिया गया था। किन्तु, उसपर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। कहा कि जिस तरह खुचीडीह और हाथियाडीह में दलबल के साथ कार्य कराया जा रहा है। उस तरह धातकीडीह में भी प्रशासनिक दलबल के साथ काम करवा कर षड्यंत्र रचा जा रहा है । उन्होंने कहा कि पावर ग्रिड निर्माण के विरोध में जनहित याचिका भी दायर कर दी गई है। बैठक में रोहिन टुडू, सुनील मार्डी, कालीचरण हांसदा, लखीन्द्र हांसदा, कालीपद सिंह सरदार, भगवत बास्के समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## चौका में सड़क दुर्घटना में मां की मौत, बेटी गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चौका थाना क्षेत्र के दुबराजपुर के पास टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई. मृतक महिला की पहचान ईचागढ़ प्रखंड के पाटपुर निवासी आशा लता सिंह मुंडा के रूप में की गई है. जानकारी के अनुसार पाटपुर निवासी गुरचरण सिंह मुंडा अपनी बेटी जोबा सिंह मुंडा को परीक्षा दिलाने सिंहभूम कॉलेज चांडिल ले जा रहे थे. जोबा सिंह मुंडा कॉलेज चांडिल में हिंदी ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है. बाइक पर गुरचरण सिंह मुंडा के अलावा उनकी पत्नी आशा लता सिंह



मुंडा, बेटी जोबा सिंह मुंडा और उसकी बेटी का छह माह का दुधमुंहा बच्चे भी था. घटना की जानकारी मिलते ही चौका थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा. पुलिस ने मृतका की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेजने की प्रक्रिया कर रही है.

विचार मंथन

संपादकीय

## चुनाव विपक्ष-मुक्त नहीं

**सिर्फ** केजरीवाल की गिरफ्तारी के आधार पर इस निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सकता कि 2024 के आम चुनाव 'विपक्ष-मुक्त' हैं अथवा चुनावी रण समतल नहीं है। केजरीवाल के मुद्दे पर तो संयुक्त विपक्ष की रैली का आह्वान किया गया है, लेकिन हेमंत सोरेन भी झारखंड के चुने हुए मुख्यमंत्री थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें इस्तीफा देने को बाध्य किया था। सोरेन की मासूमियत पर विपक्ष ने इतना शोर नहीं मचाया, जितना केजरीवाल को लेकर प्रलाप किया जा रहा है कि एक पदासीन मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। ईडी ने अदालत में बिंदुवार आरोप गिनाते हुए केजरीवाल को शराब घोटाले का 'सरगना' और 'मुख्य साजिशकार' करार दिया था। हवाला के जरिए करोड़ों रुपए कहां और कब पहुंचाए गए, उनके भी ब्योरे दिए गए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने जब ईडी के दस्तावेजों और साक्ष्यों को देखा, तो वे चौंक क्यों गए? केजरीवाल को संरक्षण देने से इंकार क्यों किया? परोक्ष रूप से मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की अनुमति क्यों दी? यह कैसे संभव है कि केजरीवाल के समर्थक प्रवक्ता तो सही सवाल उठा रहे हैं कि जांच एजेंसियों को बीते दो साल के दौरान घोटाले की चवन्नी तक बरामद नहीं हुई और अदालतें गलत हैं? बुनियादी सवाल यह है कि क्या केजरीवाल ही विपक्ष का केंद्रीय मुद्दा हैं? क्या एक पदासीन मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, यदि वह करोड़ों के भ्रष्टाचार में संलिप्त है? विपक्ष के महत्वपूर्ण घटक उप्र, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा आदि राज्यों में सक्रिय और प्रासंगिक हैं। वे भाजपा-एनडीए के लिए चुनौती ही नहीं, उन्हें पराजित भी कर सकते हैं। फिलहाल वे 'इंडिया' गठबंधन की छतरी तले एकजुट होने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन ऐसा प्रतीकात्मक ही है, क्योंकि ताजा संकेतों के मुताबिक, उनमें बिखराव के हालात अभी समन्वय में तबदील नहीं हुए हैं। यकीनन केजरीवाल की उपस्थिति इन राज्यों में गायब है। वे केजरीवाल की राजनीति के मोहताज नहीं हैं, लिहाजा ऐसी व्याख्या करने से बचना चाहिए कि 2024 के चुनाव विपक्ष-मुक्त हैं। लोकतंत्र और संविधान भी बिल्कुल सुरक्षित हैं। कमोबेश इस वक्त का विपक्ष उन्हें बचाने का ढोंग नहीं कर सकता। लोकतंत्र और संविधान इतने कमजोर नहीं होते कि एक मुख्यमंत्री को जेल हो गई, तो वे ध्वस्त हो गए! ईडी, सीबीआई, आयकर आदि ने पहले की सरकारों के दौरान भी विपक्ष के खिलाफ कार्रवाइयां की थीं और आज भी सिलसिला जारी है। कुछ आंकड़ों का औसत कम-ज्यादा हो सकता है। केजरीवाल ही लोकतंत्र और संविधान की आधार-भूमि नहीं हैं। केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) राजधानी दिल्ली की 7 और पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर जनादेश की दिशा और दशा तय करने में सक्षम हो सकती हैं, लेकिन संसदीय चुनाव में दिल्ली के 50 फीसदी से अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट करते रहे हैं, ऐसे चुनावी रुझानों का इतिहास साक्षी रहा है। दिल्ली और पंजाब में कुछ हद तक मतदाताओं की सहानुभूति केजरीवाल के पक्ष में कारगर साबित हो सकती है, लेकिन वह चुनावी लहर की दिशा नहीं बदल सकती। कांग्रेस अपने बैंक खातों को फ्रीज किए जाने को लोकतंत्र का दमन मान रही है। ये दुष्प्रचार भी विपक्ष की रणनीति का हिस्सा हो सकते हैं। दरअसल बैंक खाते पूरी तरह आयकर विभाग ने फ्रीज नहीं कराए हैं। अब भी खातों में पर्याप्त पैसा है और कांग्रेस 115 करोड़ रुपए छोड़ कर शेष राशि चुनाव या अन्य मदों पर खर्च कर सकती है। यह भी दुष्प्रचार किया जा रहा है कि भाजपा सरकार विपक्ष के उन मुख्यमंत्रियों अथवा नेताओं को भी जेल में डलवा सकती है, जो उसके लिए राजनीतिक खतरा पेश कर सकते हैं। भारत एक संवैधानिक देश है, जहां सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार के भी कई फैसलों को पलटा है। बहरहाल चुनाव अपेक्षाकृत निष्पक्ष व स्वतंत्र हों, चुनाव आयोग इस प्रयास में है।

केजरीवाल की राजनीति के मोहताज नहीं हैं, लिहाजा ऐसी व्याख्या करने से बचना चाहिए कि 2024 के चुनाव विपक्ष-मुक्त हैं। लोकतंत्र और संविधान भी बिल्कुल सुरक्षित हैं। कमोबेश इस वक्त का विपक्ष उन्हें बचाने का ढोंग नहीं कर सकता। लोकतंत्र और संविधान इतने कमजोर नहीं होते कि एक मुख्यमंत्री को जेल हो गई, तो वे ध्वस्त हो गए! ईडी, सीबीआई, आयकर आदि ने पहले की सरकारों के दौरान भी विपक्ष के खिलाफ कार्रवाइयां की थीं और आज भी सिलसिला जारी है। कुछ आंकड़ों का औसत कम-ज्यादा हो सकता है। केजरीवाल ही लोकतंत्र और संविधान की आधार-भूमि नहीं हैं। केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) राजधानी दिल्ली की 7 और पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर जनादेश की दिशा और दशा तय करने में सक्षम हो सकती हैं, लेकिन संसदीय चुनाव में दिल्ली के 50 फीसदी से अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में वोट करते रहे हैं, ऐसे चुनावी रुझानों का इतिहास साक्षी रहा है।

### जल की कमी दुनिया भर में पलायन का प्रमुख कारण है और विस्थापित लोग जिन स्थानों पर बसते हैं वहां संसाधनों पर दबाव पड़ता है

## जल संसाधनों का कुप्रबंध

डा. वरिंदर भाटिया

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस के मौके पर जारी एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी है। यूएन की ओर से जारी रिपोर्ट 'यूएन वल्ड वॉटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024' की थीम 'शांति और समृद्धि के लिए जल जरूरी' रखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता दुनिया में शांति के लिए जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में फिलहाल करीब एक चौथाई मानवता यानी 2 .2 अरब लोगों की पहुंच स्वच्छ पेयजल तक नहीं है और 3 .5 अरब लोग स्वच्छ और साफ स्थितियों में जीवनयापन नहीं कर रहे हैं।

**बाईस** मार्च को विश्व जल दिवस मनाया गया। ताजा खबरों के अनुसार इस समय दुनिया में बढ़ता जल संकट वैश्विक स्तर पर तनाव और अस्थिरता में बढ़ोतरी कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस के मौके पर जारी एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी है। यूएन की ओर से जारी रिपोर्ट 'यूएन वल्ड वॉटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024' की थीम 'शांति और समृद्धि के लिए जल जरूरी' रखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता दुनिया में शांति के लिए जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में फिलहाल करीब एक चौथाई मानवता यानी 2.2 अरब लोगों की पहुंच स्वच्छ पेयजल तक नहीं है और 3.5 अरब लोग स्वच्छ और साफ स्थितियों में जीवनयापन नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जल संकट का पहला शिकार बालिकाएं और महिलाएं होती हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं, क्योंकि परिवार के लिए पानी लाने और संग्रह करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से उन्हीं पर होती है। रिपोर्ट के अनुसार, लड़कियों को अस्वच्छ हालात में दिन के कई घंटे पानी लाने और ले जाने में बिताने पड़ते हैं। इस कारण उनका स्कूल छूट जाता है। इसे रोकना चाहिए। जल उपलब्धता में कमी के कारण दुनिया में अराजकता के हालात पैदा हो रहे हैं। जल की कमी दुनिया भर में पलायन का प्रमुख कारण है और विस्थापित लोग जिन स्थानों पर बसते हैं वहां संसाधनों पर दबाव पड़ता है। यूएन की रिपोर्ट में सोमालिया में एक अध्ययन का हवाला दिया गया है जिसमें विस्थापित लोगों के एक समूह के खिलाफ महिला उत्पीडन और हिंसा में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में कम से कम 10 प्रतिशत वैश्विक पलायन जल संकट से जुड़ा हुआ है। अब जबकि दुनिया में जलवायु से जुड़ी अनियमितताएं बढ़ रही हैं, इससे जुड़ा पलायन भी बढना तय है। रिपोर्ट के अनुसार, जल संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब देश हैं, जिनके लिए जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन के समुचित साधन नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीब देशों में 80 फीसदी नौकरियां पानी पर निर्भर होती हैं, क्योंकि यहां रोजगार सेक्टर की निर्भरता



कृषि पर होती है। जबकि विकसित देशों में रोजगार की पानी पर निर्भरता 50 फीसदी ही होती है। ऐसे में गरीब देशों में जल संकट से समूची अर्थव्यवस्था में संकट और तनाव खड़ा हो जाता है, जो कि दुनिया में अस्थिरता का कारण बनता है। बढ़ती जनसंख्या और पानी की अधिक खपत की प्रवृत्तियों पर गहराई से नजर डालें तो तो यह पता चल सकता है कि 1900 से वैश्विक तौर पर ताजे जल की खपत छह गुना क्यों बढ़ गई है? ताजे जल की निश्चित मात्रा की बढ़ती मांग से पानी से जुड़े कई विवाद पैदा हो रहे हैं। लेकिन अधिकतर जल संबंधी समस्याएं स्थानीय हैं, वैश्विक नहीं। अपने देश में भी गर्मी के मौसम से पहले भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में भंडारण क्षमता उनकी कुल क्षमता का केवल 38 प्रतिशत है, जो पिछले दशक की इसी अवधि के औसत से कम है। बेंगलुरू जैसे शहर पहले से ही 2600 मिलियन (दस लाख) लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) की मांग के मुकाबले लगभग 500 एमएलडी पानी की कमी से जूझ रहे हैं। साल 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ था, तो प्रति व्यक्ति 5000 क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध था। साल 2021 से 2031 के बीच यह 1486 से गिरकर 1367 क्यूबिक मीटर हो जाएगा। इसका अर्थ यह है कि ऐसी कम उपलब्धता के साथ हम पानी के संकट में हैं। चिंताजनक यह भी है कि जितना कम पानी उपलब्ध होगा, उतना ही वह प्रदूषित भी होता चला जाएगा। हमें 4000 अरब क्यूबिक मीटर पानी जो बारिश की कृपा से मिलता है, उसका हम मात्र 1100 क्यूबिक मीटर ही उपयोग में ला पाते हैं। अपने देश में 70 फीसदी पानी उपयोग के लिए अयोग्य पाया गया है। यही कारण है कि बोतलबंद पानी का व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। ध्यान रहे, एक लीटर पानी की बोतल के पीछे तीन लीटर पानी खराब होता है और बोतलें प्लास्टिक प्रदूषण भी पैदा कर रही हैं। इस समय धरती पर पानी का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी चपेट में भारत समेत दुनिया के कई देश हैं। भारत में ऐसे शहर हैं, जहां पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। इन पांच शहरों में दिल्ली, राजस्थान का जयपुर, पंजाब का बठिंडा, मुंबई और चेन्नई शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जल संकट एक राष्ट्रव्यापी मुद्दा है। भारत में दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत है, लेकिन जल संसाधन केवल 4 फीसदी हैं। भारत का जो मुख्य जल भंडार है, वह इस वक्त पांच साल में अपने सबसे निचले स्तर पर है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक 40 फीसदी भारतीयों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं होगा। लगभग 600 मिलियन भारतीय पहले से ही गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में चिंताजनक भूजल उपलब्धता वाले 21 शहरों का उल्लेख किया गया है। इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, गांधीनगर, जयपुर, चेन्नई, हैदराबाद, आगरा, इंदौर, अमृतसर, वेल्लोर, चेन्नई व लुधियाना शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली की आबादी 2.4 करोड़ है। यहां 600 मिमी प्रति मिनट वर्षा होती है, जो जरूरत से काफी कम है। दिल्ली 50 फीसदी पानी की जरूरतों के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब पर निर्भर है। अगर इन राज्यों ने इनकार कर दिया तो दिल्ली बर्बादी के कगार पर पहुंच जाएगी। इसी तरह मुंबई समुद्र के किनारे बसा है। यहां भारी मात्रा में बारिश होती है। मुंबई अच्छे जल संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन तेजी से हो रहे शहरीकरण और जनसंख्या विस्फोट के सामने जल संसाधन प्रबंधन प्रभावी नहीं हैं। इसलिए आने वाले समय में यहां भी पानी की किल्लत हो सकती है। और तो और, भले ही पंजाब में पांच नदियां हैं, लेकिन इसकी कृषि जल खपत वॉटर रिचार्ज की तुलना में बहुत अधिक है। नीति आयोग की रिपोर्ट में पंजाब के कई शहरों पर जल संकट का खतरा बताया गया है।

दृष्टि कोण

## हरित क्रांति में हिंसा की फसलें, भारी सामाजिक-आर्थिक विषमता थी प्रमुख वजह

**भारत** में किसानों का विरोध प्रदर्शन एक आम घटना-सी बन गया है। ये विरोध प्रदर्शन हिंसा की छिटपुट घटनाओं से चिह्नित हैं। हरित क्रांति में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की, पर इसकी कथित सफलता के पीछे छिपी वास्तविक कहानी भयावह है। सुप्रतिष्ठित पर्यावरण कार्यकर्ता और विद्वान डॉ वंदना शिवा ने अपनी बहुचर्चित पुस्तक द वायलेंस ऑफ द ग्रीन रेवोल्यूशन (हरित क्रांति की हिंसा) में हरित क्रांति से उत्पन्न व्यापक पर्यावरणीय और सामाजिक परिवर्तनों के बीच की जटिलताओं को खोजा है। उन्होंने हरित क्रांति पद्धति में छिपी बहुआयामी हिंसा की पड़ताल अनेक घटनाओं का उदाहरण देते हुए की है। इस पुस्तक में उन्होंने पारिस्थितिक सिद्धांतों से जोड़ कर वर्तमान और भविष्य में हरित क्रांति से उबलते एक-एक पहलू की भविष्यवाणी कर दी थी। हरित क्रांति का प्रादुर्भाव 20वीं शताब्दी के मध्य महत्वाकांक्षी कृषि परिवर्तनों के साथ हुआ था। इसका उद्देश्य उच्च उपज वाली फसल किस्मों और कृषि रसायनों को अपनाकर कृषि उत्पादन को बढ़ाना और वैश्विक भूख को कम करना था, परंतु इसके परिणाम सकारात्मक नहीं थे। उस समय भविष्य में इसके क्या-क्या सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक परिणाम होंगे, इसका आकलन नहीं किया गया। हमने अपनी भौगोलिक सीमाओं में जन्मे तथा सदियों से पीढ़ियों को पोषित करते आए बीजों को तिलांजलि दे दी और अंधाधुंध पानी एवं अनेक जहरीले रसायनों के बल पर अधिक उत्पादन देने वाले बीजों को अपनाते चले गए। गहन रासायनिक कृषि पद्धतियों से उत्पन्न पारिस्थितिक विघटन, जिसमें मिट्टी का कटाव, भूजल की कमी और पर्यावरण जैसे मुद्दे शामिल हैं, ने पंजाब के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पारिस्थितिक ताने-बाने को गहराई से प्रभावित किया। बड़े कृषि व्यवसायों में धन और शक्ति का संकेंद्रण, छोटे किसानों का बड़े स्तर पर विस्थापन और ग्रामीण ऋणग्रस्तता में वृद्धि आदि हरित क्रांति के विनाशकारी प्रभाव हैं। गहन कृषि क्रियाओं को निर्बाध चलाना पंजाब के बड़े किसानों की क्षमता से बाहर हो गया, तो उन्हें देश के अन्य राज्यों से बड़े पैमाने पर मजदूरों को



बुलाना पड़ा। बिहार, मध्य प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश से अधिकांश मजदूर जाकर पंजाब के खेतों में काम करने लगे। उनमें से कई कृषि मजदूर और उनके परिवारों ने पंजाब में ही बसना शुरू कर दिया, जिससे पंजाब की सामाजिक-संस्कृति संरचना पर भी प्रभाव पड़ने लगा। हरित क्रांति के साथ जो 'नया' पंजाब (बड़े किसानों और मजदूरों के साथ) बनता गया, उसमें भारी सामाजिक-आर्थिक विषमता थी। जब समाज में सामाजिक-आर्थिक असमानताएं एक सीमा से अधिक बढ़ जाती हैं, तब हिंसा भी सिर उठाने लगती है। बीती सदी के 1980 के दशक में पंजाब में जिस हिंसा ने उग्र रूप ले लिया था, उसके कल्ले हरित क्रांति से ही फूटे थे। इसका सबसे अधिक कहर पंजाब के किसानों और कृषि मजदूरों पर ही टूटा था। बेशक हरित क्रांति ने खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता पैदा की और देश को खाद्य-निर्यातक राष्ट्र की श्रेणी में ला खड़ा किया। लेकिन इस प्रणाली से जुड़े पर्यावरणीय, पारिस्थितिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक प्रदूषण की अनदेखी नहीं की जा सकती। भूजल की अत्यधिक कमी, मिट्टी पर रेगिस्तानीकरण का साया, जैव विविधता का अकूत ह्रास और सामुदायिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव हरित क्रांति के ऐसे दुष्परिणाम हैं, जिनकी काली छाया भविष्य पर मंडराती रहेगी। वायुमंडल में कुल उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसों का लगभग एक-तिहाई हिस्सा केवल कृषि क्षेत्र की देन है, और वह भी हरित क्रांति वाली कृषि की। इस तरह कृषि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को बढ़ाने वाला मानवीय कार्यकलाप है। इस खेती को संभालने और परिवार की आजीविका के लिए उससे उत्पादन लेते रहने के लिए सभी आदानों (बीज, रासायनिक उर्वरक, रोगनाशक, कीटनाशक, और खरपतवार नाशक रसायन, ट्रैक्टर, कंबाइन, हार्वेस्टर और अन्य उपकरणों, आदि) के लिए बाजार पर बढ़ती निर्भरता ने किसानों को ऐसे चक्रव्यूह में फंसा दिया है, जिससे अनेक किसान आत्महत्या करके ही बाहर निकल पाते हैं। मानव समाज को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाली हिंसा के और भी अनेक आयाम हैं।

कुछ अलग

## सरकार ही जज, अदालत

**बीते** दिनों केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने कुछ संदिग्ध और सवालिया न्यूज वेब पोर्टल, निजी न्यूज चैनलों पर पाबंदी लगाई थी। आरोप पुराने ही थे कि वे 'फेक न्यूज', 'भ्रामक सामग्री' और 'झूठी खबरें' परोस रहे थे। सरकार इसे 'आपराधिक कृत्य' मानती है। बीते एक अंतराल से ऐसी पाबंदियां ही चस्पा नहीं की गईं, बल्कि कुछ पत्रकारों, संपादकों, प्रकाशकों को भी, कड़ी कानूनी धाराओं में, जेल भी भेजा गया है। बहरहाल वे मामले अदालतों के विचाराधीन हैं। बेशक फेक न्यूज लंबे समय से एक गंभीर समस्या बनी हुई है। ऐसी खबरों या सूचनाओं से हिंसा भडकी है, दंगे हुए हैं, देश के खिलाफ युद्ध सरीखे अभियान तक छेड़े गए हैं। फर्जी खबरें चुनावों को भी एक निश्चित सीमा तक प्रभावित करती रही हैं। काली भेड़ें तो हर समाज और व्यवस्था में होती हैं, लेकिन उनकी आड़ में पत्रकारिता और खासकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिशें नहीं होनी चाहिए। दरअसल फेक न्यूज, भ्रामक खबरों, झूठी सूचनाओं के संदर्भ में भारत सरकार ही जज, ज्यूरी और कार्यान्वित करने वाली ईकाई की भूमिका निभाना चाहती है। गौरतलब है कि अप्रैल, 2023 में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय ने 2021 आईटी नियमों में कुछ संशोधनों को अधिसूचित किया था, ताकि एक 'फैक्ट चेकिंग यूनिट' बनाई जा सके। वह यूनिट ऑनलाइन सामग्री, खबरों, अन्य सूचनाओं को प्रभावी रूप से सेंसर कर सके। यदि केंद्र सरकार की किसी नीति, काम, फैसले को 'फर्जी' या 'भ्रामक' करार दिया गया हो, तो उस पर कार्रवाई की जा सके। जब ऐसी अधिसूचना जारी की गई थी, तब केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा था कि यदि लोगों के दिमाग में कोई संदेह होगा या मन में कोई शंका होगी कि सरकार के आधार पर शक्तियों का दुरुपयोग किया गया है, तो उसे जरूर संबोधित किया जाएगा। इसी सप्ताह केंद्र सरकार ने 'फैक्ट चेकिंग यूनिट' को, 'प्रेस सूचना ब्यूरो' के तहत एक वैधानिक संस्था के तौर पर अधिसूचित किया है। प्रेस सूचना ब्यूरो सरकारी विज्ञप्ति या कैबिनेट की कोई सूचना मीडिया तक पहुंचाने वाली संस्था है। हालांकि संशोधित नियमों की संवैधानिकता को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी गई है, फिर भी यह वैधानिक व्यवस्था करने से स्पष्ट है कि केंद्रीय मंत्री का आश्वासन बेमानी है। अदालत ने सरकारी प्रयास पर रोक लगा दी है, लेकिन बुनियादी समस्या यथावत है कि सूचना-प्रसारण मंत्रालय के पीआईबी के तहत एक संस्था को सेंसरशिप की ताकत दी गई है। दरअसल सरकार ही संविधान, जज, अदालत, फैसले को लागू करने वाली ईकाई और मौलिक अधिकारों की पैरोकार, सब कुछ बन जाना चाहती है। सरकार ही प्रत्येक स्थिति की व्याख्या करेगी कि क्या सही है, सच है और क्या फर्जी है? फर्जी, भ्रामक, झूठी खबर या सूचना क्या है, उन्हें लेकर नियमों में बिल्कुल भी स्पष्टता नहीं है। वे परिभाषित भी नहीं हैं। अखबार में तो संपादक ही अपने विवेक से खबरें तय करता है, लेकिन ऑनलाइन की दुनिया अभी निरंकुश है। वहां अधिकतर नौसीखिए, गैर-पेशेवर लोग ही सक्रिय हैं। कई अनुभवी पत्रकार सेवानिवृत्ति के बाद अपने चैनल चला रहे हैं। वहां सरकार वैचारिकता की आड़ में पत्रकारों को दबोचती रही है, लिहाजा पीआईबी में नई व्यवस्था को लेकर 'एडीटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' ने भी असंतोष और नाराजगी जताई है। इनमें अधिकतर पत्रकार ऐसे हैं, जिन्हें पीआईबी ने दशकों तक मान्यता दिए रखी। यह मान्यता कई संदर्भों में आज भी बरकरार है। बहरहाल एक बार किसी खबर को भ्रामक या फर्जी घोषित कर दिया गया, तो सोशल मीडिया, मीडिया प्लेटफॉर्म और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों को भी उसे अपने मंच से हटाना पड़ेगा।

देश दुनीया से

## इस्लामी पड़ोसियों से परेशान पाकिस्तान, अचानक मित्र बन गए शत्रु

भारत की सीमा पर दोनों ओर से हमले होते रहे हैं, जिससे दोनों तरफ के कश्मीरियों और उनकी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया। युद्धविराम संधि के कारण कई वर्षों से माहौल शांतिपूर्ण है। पाकिस्तान तब हैरान रह गया, जब कुछ हफ्ते पहले ईरान ने बलूचिस्तान के अंदरूनी इलाकों पर बमबारी की। जिन इलाकों पर बमबारी की गई, वे शहरों एवं कस्बों से बहुत दूर रेतीले रेगिस्तान और पहाड़ों में स्थित थे। ईरान ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि कुछ ईरान-विरोधी गुटों के खिलाफ था, जो पाकिस्तान से ईरान के खिलाफ आतंकवादी हमले करते थे। अगले ही दिन, पाकिस्तानी वायु सेना ने पाकिस्तान-ईरान सीमा पर हमला किया, जिसमें कई लोग हताहत हुए।

**लोक ज्ञान** कहता है कि कोई भी देश अपने पड़ोसियों को नहीं चुन सकता, उसे अपने पड़ोसियों के साथ सह-अस्तित्व में रहना होता है। वर्ष 2023 में पाकिस्तान के कुछ पड़ोसी, जो दशकों से मित्र थे, अचानक शत्रु बन गए, जबकि जिसे उसने हमेशा अपना दुश्मन माना, वह अच्छा मित्र बन सकता है। पाकिस्तान चार देशों से घिरा है, जिनमें से दो-ईरान और अफगानिस्तान इस्लामी मुल्क हैं। बाकी दो देश हैं-उसका सबसे करीबी सहयोगी चीन और उसके पूर्व में भारत, जिसके साथ नियंत्रण रेखा पर लगातार झड़पें होती रहती हैं। भारत की सीमा पर दोनों ओर से हमले होते रहे हैं, जिससे दोनों तरफ के कश्मीरियों और उनकी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया। युद्धविराम संधि के कारण कई वर्षों से माहौल शांतिपूर्ण है। पाकिस्तान तब हैरान रह गया, जब कुछ हफ्ते पहले ईरान ने बलूचिस्तान के अंदरूनी इलाकों पर बमबारी की। जिन इलाकों पर बमबारी की गई, वे शहरों एवं कस्बों से बहुत दूर रेतीले रेगिस्तान और पहाड़ों में स्थित थे। ईरान ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि कुछ ईरान-विरोधी गुटों के खिलाफ था, जो पाकिस्तान से ईरान के खिलाफ आतंकवादी हमले करते थे। अगले ही दिन, पाकिस्तानी वायु सेना ने पाकिस्तान-ईरान सीमा पर हमला किया, जिसमें कई लोग हताहत हुए। पाकिस्तान ने कहा कि उसने ईरान के अंदर उन आतंकवादी शिविरों पर हमला किया, जिनका इस्तेमाल ये आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ हमले करने के लिए करते थे। वैसे इस वाकये से हैरान ईरान ने अपनी ही सरकार के भीतर कुछ मजबूत तत्वों को दोषी ठहराया, जिन्होंने ईरान की घरेलू समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए इस अवसर का उपयोग करने की कोशिश की थी। पाकिस्तान को ईरान की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट हो गया कि वह सीमा के दोनों ओर पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को सुधारना चाहता है और स्थिति नियंत्रण में प्रतीत होती है। जैसा कि एक विश्लेषक ने कहा, यह न केवल दोनों पड़ोसियों के लिए अच्छा है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए भी अच्छा है। स्थिति को और अधिक बिगड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इसका प्रभाव पाकिस्तान की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए विनाशकारी होगा। उसके बाद अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का विवाद बढ़ गया, क्योंकि पाकिस्तान के उत्तरी इलाके वजीरिस्तान में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने आतंकवादी हमला किया, जिसमें सेना के दो अधिकारी मारे गए और कई घायल हो गए। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमकी देते हुए कहा कि पाकिस्तान पर हुए इस हमले को गंभीरता से लिया जाएगा और पाकिस्तान इसका जवाब देगा। अगली सुबह पाकिस्तानी वायु सेना के बमवर्षकों ने अफगानिस्तान के भीतर हमला किया और टीटीपी के कुछ शिविरों को नष्ट कर दिया। हालांकि फिलहाल वहां शांति और सन्नाटा है। जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया था, तो पाकिस्तान ने अंतरिम सरकार का स्वागत किया था। उसे उम्मीद थी कि एक बार नई सरकार काम करने लगेगी और कानून-व्यवस्था में थोड़ा सुधार होगा, तो वह यह सुनिश्चित करेगा कि टीटीपी अफगानिस्तान से पाकिस्तान की धरती पर आतंकी हमले न करे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान ने यह संदेश देने के लिए हर कूटनीतिक उपायों का इस्तेमाल किया। कई उच्च स्तरीय सैन्य और असैन्य प्रतिनिधिमंडल काबुल गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया था कि पाकिस्तान को किन बातों पर आपत्ति है और वह अफगानिस्तान की जमीन से आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। पर अफगानिस्तान ने इन चेतावनियों को नजरंदाज कर दिया है। अंततः पाकिस्तान ने हजारों अवैध अफगान शरणार्थियों एवं प्रवासियों को वापस भेज दिया, जिससे काबुल नाराज हो गया। फिर पाकिस्तान ने खैबर पख्तूनख्वा में लैंडीकोटल सीमा और बलूचिस्तान में चमन सीमा पर ट्रकों को गुजरने की अनुमति नहीं देते हुए व्यापार बंद कर दिया। तालिबान सरकार ने इसकी शिकायत की और आश्वासन दिया कि वह टीटीपी को नियंत्रित करेगी। फिलहाल टीटीपी के लगभग 6,000 आतंकवादी अपने परिवारों के साथ अफगानिस्तान में शरण लिए हुए हैं, जिनमें से अधिकांश को तब सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान से बाहर कर दिया गया था, जब वे सख्त शरिया नियमों और पाकिस्तान के और भी इस्लामीकरण की मांग करने लगे। जैसा कि एक विश्लेषक का कहना है, 'टीटीपी वस्तुतः अपने अफगान समकक्ष अफगान तालिबान का विस्तार बन गया है।



आप का नजरीया

## क्योंकि भरोसा नहीं है

**देश-प्रदेश** की तस्वीर में हम चंद नेताओं पर अपनी तकदीर का फैसला करना चाहते हैं और यही हमारी लोकतांत्रिक आस्था के स्वरूप को निर्धारित कर रहा है। सवाल जनता के विश्वास से परे हालात पर टिके हैं, इसलिए राजनीतिक सर्कस में भी हम प्रतिभा देखने की गुस्ताखी कर बैठते हैं। जनता राष्ट्रीय स्तर से हिमाचल तक केवल चलाई जा रही है और उम्मीदों तथा संभावनाओं के प्रश्न चुनाव दर चुनाव आगे सरकाए जा रहे हैं। ऐसे में जनता या अपने मतदान के भरोसे पर देश की सुनहरी तस्वीर के प्रति आशावान है या विकल्पों की कमी उसे मजबूरीवश आगे धकेल रही है। इस बीच दिव्य हिमाचल के साप्ताहिक प्रश्न के जवाब में अगर यथार्थ को कबूल करें तो 72 प्रतिशत जनता को अब राज्य के नेताओं पर भरोसा नहीं है। हमने पूछा था कि जनता को हिमाचल के नेताओं पर कितना भरोसा है और जवाब से निकला दबाव बता रहा है कि कहीं विश्वसनीयता का अभाव दर्ज है, फिर भी 25 प्रतिशत लोगों को अपने नेताओं पर भरोसा है तो उन्हें सलाम। यह उस राज्य की जनता का मत है जो अभी तक भोले-भाले लोगों के लिए जानी जाती है। यह उस प्रदेश की गणना है जहां जनादेश के फलक पर सरकारों को हर बार बदलने की परंपरा दिखाई देती है। यहां का मतदाता बेहद जागरूक समझा जाता है, फिर भी उसके भरोसे के अनुरूप प्रतिनिधि सामने नहीं आ रहे हैं, तो कारण यहां के सरोकारों तक जाता है। हम चुनाव में कूदने वालों को अलग नजरिए से देख रहे हैं या समाज के भीतर भी भरोसे की ईजाद कम हो गई। राजनीति की सीढियां और पीढियां इसके लिए दोषी मान भी ली जाएं, मगर उस जनता का क्या करें जो पंचायत से लोकसभा तक अपने जनप्रतिनिधि से केवल यही आशा करती है कि हर मत का कुछ तो दाम, कुछ तो ईनाम मिले। मर्ज हमने खुद पैदा किया और अब खुद के चुने हुए नेताओं पर भरोसा नहीं। हम नेताओं से चुनावी जीत का हद से ज्यादा भुगतान चाहते हैं, इसलिए सरकारों के गठन में गारंटियों या रेवडियों का चलन इस कद्र सामने आ रहा है कि गारंटी अब सत्ता प्राप्ति का मोलतोल है। अगर हिमाचल का मतदान मुफ्त के तीन सौ यूनिट बिजली पर फिदा हो जाए या महिलाओं के नाम पर पंद्रह सौ रुपए प्रति माह के नाम पर सौदेबाजी कर ले, तो विश्वसनीयता के लिए आखिर कब तक नए वादे बिकते रहेंगे। जनता के अपने पैमाने हैं और जब हम देखते हैं कि हर चुनाव का दहेज चुकाते चुकाते प्रदेश अति कर्जदार हो रहा है, तो किस आधार पर कुशल नेतृत्व पर भरोसा करें। आखिर सरकारों की बनावट और सजावट में नेताओं की काबिलीयत क्यों चौराहों पर नीलाम होने लगी है। चालीस विधायकों के बलबूते कांग्रेस की सरकार विपक्षी भाजपा की संख्या से कहीं अधिक सशक्त थी, लेकिन राज्यसभा चुनाव ने कांग्रेस का कद, नेताओं की भद पिटवा दी। ऐसे में ठगा कौन गया। जनता का भरोसा या राज्यसभा का चुनाव। अगर कांग्रेस जीत भी जाती तो हिमाचल को ऐसा सांसद मिलता जिसका ताल्लुक प्रदेश से ढूंढ पाना मुश्किल हो जाता। कुछ ऐसा ही आनंद शर्मा को राज्यसभा में भेजकर हिमाचल की जनता का भरोसा टूटता रहा होगा।

# प्रतापपुर पुलिस ने 70 लाख रूपये के अफिम के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** पुलिस अधीक्षक की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। की ग्राम एघरा टोला फलिंदा में आदित्य कुमार पिता विजय सिंह है। जो भरी मात्रा में अफीम रखा हुआ है। वो अफीम को व्यापारी के द्वारा बेचा जा रहा है। इस संबंध में प्रतापपुर पुलिस के द्वारा एक टीम गठन किया गया। जिसकी निर्तित्व सीश ओश नित्यनंद दास ने किया। उस टीम के द्वारा छापेमारी की गई। जिसमे 2.7 किलो ग्राम अवैध अफीम के साथ एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया।

# आदिवासी समुदाय के लोगों ने सरहुल महापर्व शोभायात्रा में अपने पंरपरागत वेषभूषा में किया लोकनृत्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा सदर प्रखंड के निंगनी ग्राम में प्राकृतिक महापर्व सरहुल 29 मार्च को पहान शिव कुमार उरांव, पूजार संतोष उरांव, कोले उरांव के द्वारा आदिवासी पराम्परा प्राकृतिक पूजा पाठ के साथ सम्पन्न किया गया। इसी के उपलक्ष्य सरहुल बासी के दिन शनिवार को प्राकृतिक महापर्व सरहुल पूजा समिति लालु उरांव, जीवन उरांव, महावीर उरांव व बुद्धिजीवियों के संयुक्त तत्वावधान में यह शोभायात्रा निकाली गयी। इसके मुख्य अतिथि पंचायत समिति सीता देवी, बजरंग साहू, संदीप साहू, गौतम साहू, अजय साहू भी शामिल हुये। मां आदिशक्ति ग्रुप के सदस्यों द्वारा शोभा यात्रा में शामिल आदिवासी समुदाय भाई बहनों के लिए पानी, चॉकलेट आदि का सुव्यवस्था किया गया। आदिवासी सरना सरहुल महापर्व का शोभायात्रा में लोग ढोल नगड़ा और मांदर की थाप के साथ स्थानीय लोक नृत्य सांस्कृतिक कला भाषा के झूमते



हुये निंगनी सरना स्थल से होते हुये निंगनी कुम्बा टोली, बर टोली, ऊपर निंगनी, खास निंगनी, शांति नगर, निचे कुम्बा टोली होते हुये वापस सरना स्थल में ही समापन किया गया। यह शोभायात्रा सरहुल बासी के दिन निकाली गई। यह त्योहार में सभी आदिवासी समुदाय के लोग आदिवासी परम्परागत रीति रिवाजों के वेष भूषा के साथ थे। शोभायात्रा में मुख्य रूप से ग्रामीण चिन्तामनी देवी, सीता देवी, रंजीत उरांव, खुशबू उरांव, मुन्नी उरांव, रोपा उरांव, लक्ष्मण, रवि, करमा, रोशन उरांव, दिलीप उरांव, छोटू, विनोद उरांव, हर्ष उरांव, सोनू उरांव, विजय उरांव, आकाश उरांव, चन्दन, कुन्दन, राजेन्द्र समेत भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

# क्षत्रिय समाज को किया जा रहा अपमानित : जयंत कुमार सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट के महासचिव जयंत कुमार सिंह की अध्यक्षता में शहर के मिशन चौक स्थिति गठबंधन मैरिज हाल में शनिवार को हुई। बैठक में क्षत्रिय समाज की वर्तमान दशा-दिशा,सामाजिक विकास,एकजुटता व राजनीतिक रूप से क्षत्रिय समाज की हो रही उपेक्षा पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के महासचिव जयंत कुमार सिंह ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा क्षत्रिय समाज का प्रतिनिधित्व ही समाप्त कर दिया गया है। उदाहरण के लिए जिस तरह से क्षत्रिय समाज को राजनीतिक रुप से नजर अंदाज किया है। समाज इससे अपमानित महसूस कर रही है। जिस क्षत्रिय समाज ने हजारों वर्षों तक देश व हिंदुत्व की रक्षा की है, उसके साथ इस तरह का उपेक्षित व्यवहार सही नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल क्षत्रिय समाज को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना बंद करें। समाज के साथ इस तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा नेतृत्व को अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की सलाह देते हुए उन्होने कहा कि अगर झारखंड में एक भी क्षत्रिय समाज का उम्मीदवार नहीं होता है तो फिर लोकसभा चुनाव में क्षत्रिय समाज विरोध का मन बना सकती है। क्षत्रिय समाज आने वाले दिनों में वृहद बैठक कर आगे का निर्णय लेगी। बैठक में क्षत्रिय समाज के लोगों के बीच चतरा व धनबाद से क्षत्रिय सांसद का टिकट काटे जाने पर नाराजगी दिखी। बैठक में आशीष कुमार सिंह, रुद्रेश्वर प्रसाद सिंह, बाल कृष्णा सिंह, अक्षय सिंह, राकेश कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, रणजीत सिंह, अजय सिंह, जयकांत सिंह, शिव सिंह, सत्यनारायण सिंह, विनय शाहदेव आदि मौजूद थे।

# एसवीएम की वार्षिक परीक्षा 2023-24 के परीक्षाफल का हुआ प्रकाशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार की वार्षिक परीक्षा 2023-24 का परीक्षा फल प्रकाशित हुआ। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव नरेंद्र पांडे, अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख रितेश रंजन गुप्ता ने सभी अभिभावकों एवं भैया बहनों को संबोधित करते हुए बताया कि अंकों का विभाजन किस प्रकार किया गया है जैसे विषयों के अंक के अलावा वर्ष भर के अन्य गतिविधियों के अंकों को किस प्रकार से जोड़कर परीक्षा परिणाम निकाले गए हैं। परीक्षा का महत्व और हमारे जीवन में पड़ने वाले प्रभावों को बताते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि आप सभी लक्ष्य को



निर्धारित करके पढ़ाई करें, सतत प्रयास लग्न एवं परिश्रम के साथ आप लक्ष्य प्राप्ति हेतु सतत रूप से लगे रहे। आगे इन्होंने बताया कि विद्या भारती विद्यालय के अंतर्गत 25000 विद्यालय चलते हैं उसी विद्यालय में सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार का भी नाम आता है। इस विद्यालय में 1200 भैया बहन अपनी पढ़ाई करते हैं, 1986 से संचालित यह विद्यालय नित्य प्रतिदिन विकास के पथ पर अग्रसर है इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण बातें एवं गुरुकुल की शिक्षा प्रणाली व आधुनिक शिक्षा पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव नरेंद्र पांडे ने भैया बहनों व अभिभावकों को बताया कि हमारे जीवन में परीक्षा का महत्व जितना है उतना ही परीक्षा का परिणाम का भी है। परीक्षा की रुपरेखा अन्य गतिविधियों पर भी निर्भर करती है।कक्षा में प्रथम लाने वाले भैया बहन, अरुण विष्णु कुमार 97.3 प्रतिशत, उदय आर्या सहाय 98.2 प्रतिशत, प्रभात दीपशिखा कुमारी 99.1 प्रतिशत, प्रथम मानस कुमार गुप्ता 98 प्रतिशत, द्वितीय काजल कुमारी 90 प्रतिशत, तृतीय जलज जयवीर 89 प्रतिशत, चतुर्थ शशि रंजन 89 प्रतिशत, पंचम ऋतुराज 74 प्रतिशत, षष्ठ सौम्या कुमारी 82प्रतिशत, सप्तम तन्मय कुमार गुप्ता 80प्रतिशत, अष्टम रूपाली राज 83प्रतिशत, नवम शौर्य राज 87प्रतिशतसभी प्रथम स्थान लाने वाले भैया बहनों एवं द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। गौरतलब है कि विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने इस अवसर पर भैया बहनों को बताया कि कम पढ़ा लिखा आदमी बुद्धिमान नहीं होता ऐसी बात नहीं है इसे एक कहानी के माध्यम से समझाया साथ ही सभी भैया बहनों को बधाई एवं शुभकामना दी। मंच संचालन रेनू गुप्ता के द्वारा किया गया,इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य गण, परीक्षा प्रमुख रितेश रंजन गुप्ता, अभिभावक गण, सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

# पत्रकार के पिता के निधन पर किया गया शोकसभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** टंडवा के पत्रकार कृष्ण मुरारी सिंह के पिता सुधीर सिंह के असमायिक सड़क दुर्घटना में निधन पर प्रेस क्लब सिमरिया के द्वारा शनिवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में दो मिनट मौन रखा गया तथा उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। प्रेस क्लब के सदस्यो ने कहा कि उनके पिता के निधन बेहद दुखदायी है इस दुःख की घड़ी में प्रेस क्लब के सदस्य उनके परिवार के साथ खड़े है। उन्होंने कामना कि की ईश्वर दिवंगत के परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे। शोकसभा में रविभूषण सिंह, मोकिम अंसारी, सुशांत पाठक, धर्मेंद्र कुमार, सुनिल कश्यप, विष्णु प्रसाद, महेंद्र कुमार, शैलेश कुमार, दीपू ठाकुर, सुबोध शर्मा मौजूद थे।

# टंडवा में पांच डीएसपी बदल गये पर नहीं बदले रीडर आखिर कौन हैं इनपर मेहरबान

**चतरा/टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा पुलिस अनुमंडल कार्यलय के डीएसपी कार्यालय में रीडर का काम एक सिपाही कर रहा है। सिपाही बनने के बाद से कई पुलिस कर्मीयों को फेरबदल की जा चुकी है। लेकिन टंडवा डीएसपी के रीडर के रूप में राजेश नामक सिपाही 6 वर्षो से एक हीं जगह पर फन मार कर जमें हैं। विभाग में पकड़ इतनी है कि पुलिस अनुमंडल कार्यालय टंडवा में पांच डीएसपी बदल गये किन्तु रीडर राजेश को नहीं फेरबदल किया गया है। ऐसे में बहुत ऐसे गोपनीय भंग होने की संभावना बनी रहती है।ऐसा नहीं है कि उन्हें बदलने के लिए अधिकारियों को कहा नहीं गया होगा या सूचना नहीं होगी। परन्तु न जाने किस कारण से वे अब भी रीडर के पद पर कार्यरत है जबकि एक सिपाही के पद पर नियुक्त किए गए है। टंडवा में अन्य नए ट्रांसफर में पुलिस अलग से तैनात हैं, लेकिन उन्हें गोपनीय रीडर बनने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ है। इस तरह एक हीं जगह पर 6 वर्षो से एक सिपाही का जमें रहना यह चर्चा का विषय विभाग में बना हुआ है। आखिर एक ही स्थान में तथा संवेदनशील पदों में क्यों हैं पद स्थापित,पुलिस विभाग क्यों बनी है अनजान। क्या लोक सभा चुनाव कमीशन का नजर ऐसे लोगों पर नहीं गयी है या विभाग द्वारा जानकारी नहीं दी गयी है। इसी तरह के मामले सिमरिया में एएसआई बिनोद तिवारी का है जो एक हीं थाने में कई वर्षो से जमें है। बता दें कि चुनाव कमीशन द्वारा चुनाव प्रभावित होने को लेकर सभी पदाधिकारियों को फेरबदल किया जा चुका है। किंतु कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें चुनाव आयोग के नजर से वंचित रखा गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 30 मार्च 2024 दिन शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तिथी के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष कृष्णकांत दुबे, विद्यालय के सचिव-विवेक कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष आरती देवी और विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा उपस्थित थे। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री शर्मा एवं कृष्णकांत दूबे के द्वारा भैया बहनों को शिक्षा का मार्गदर्शन दिए गये। मार्गदर्शन के बाद विद्यालय के परीक्षा प्रमुख विनय कुमार विश्वकर्मा द्वारा परीक्षा फल का वितरण किया गया। एवं प्रधानाचार्य श्री शर्मा के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य रमेश, आकाश, ज्ञानदीप मुकेश, अजीत, पूजा दीदी, प्रिती दीदी, ज्योति दीदी, खुशबु दीदी उपस्थित थे।

# रामनवमी पूजा समिति धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रामनवमी पूजा धुमधाम से मनाने के लिए नव युवक संघ, बाइपास चौक की एक बैठक कन्हाई प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में महासमिति के निर्देशों का पालन करते हुए रामनवमी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष शंभू प्रसाद, उपाध्यक्ष सूरज गुप्ता, राजमोहन प्रसाद, अनूज कुमार, विकास मेहता व युगेश्वर राम को बनाया गया। सचिव अजीत यादव व सह सचिव सोनू गुप्ता, राहुल कुमार, विशाल मेहरा, पवन कुमार व महामंत्री अनिकेत सिन्हा, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता व सह



कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता को बनाया गया है। जबकि संरक्षक मंडली में कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अशोक कुमार दास, आशीष टैगोर, बद्री प्रसाद, राजू रंजन सिंह, दीपक विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद, द्वारिका अग्रवाल, रामदयाल राम व रामचंद्र राम को शामिल किया गया है. इसके अलावा 11 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। बैठक में चैत्र नवरात्र के पहले बाइपास चौक एवं अन्य प्रमुख सड़कों पर बजरंगी झंडा व तिकोन लगाने का निर्णय लिया गया।

# सहियाओं के लिए मानसिक स्नायुतंत्र एंव नशे सम्बंधी विकारों की देखभाल हेतु आठ दिवसीय प्रशिक्षण




**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर बारिखाप मे चंदवा प्रखंड के सभी सहियाओं क़ो आठ दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीटीटी सह प्रशिक्षक वीरेंद्र कुजूर, देवकांत तिवारी ने बताया की चंदवा प्रखंड के सभी सहियाओं क़ो मानसिक स्नायुतंत्र एंव नशे सम्बंधी विकारों की देख भाल, कान-नाक एंव गले और नेत्र देखभाल, सामान्य आपातकालीन स्थितियों जलने और ट्रामा स्थितियों के पर्वधन एंव मुख की स्वास्थ्य देख भाल पर विशेष रूप से आठ दिन आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है. वहीं सहिया साथी रेणु देवी, रीता देवी भी अपने अपने कलस्टर सहियाओं क़ो जानकारी देने मे अहम भूमिका निभा रहे हैं. मौके पर काफ़ी संख्या मे सहिया मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू की वार्षिक परीक्षा सत्र 2023- 24 के परीक्षाफल का हुआ प्रकाशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक परीक्षा 2023 -24 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया । परीक्षाफल सार्वजनिक करने के पूर्व दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम मे अध्यक्ष किशोर प्रसाद द्वारा कक्षा अरुण से सप्तम तक में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रगति पत्र एवं पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कक्षा अरुण में प्रथम स्थान अर्पित कुमार द्वितीय विवान कुमार तृतीय सूरज कुमार कक्षा उदय में प्रथम स्थान कोमल कुमारी द्वितीय अर्पित राज तृतीय कश्यप प्रसाद कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान दिव्या कुमारी,द्वितीय स्थान शौर्य कुमार गुप्ता,तृतीय दिव्या सिन्हा,कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान लक्ष्मी प्रिया द्वितीय प्रियांशु कुमार तृतीय विजय कुमार कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान प्रिंस



कुमार द्वितीय स्थान निगम कुमार तृतीय श्रेयांश कुमार कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान अनु कुमारी द्वितीय नितिन कुमार तृतीय परिधि कुमारी कक्षा पंचम में प्रथम स्थान चाहत कुमारी द्वितीय अंशु कुमारी तृतीय शौर्य राज कक्षा षष्ठ में प्रथम स्थान सचिन राज द्वितीय स्थान आराध्या कुमारी तृतीय स्थान अनुराग कुमार कक्षा सप्तम में प्रथम स्थान आयुष कुमार द्वितीय स्थान सत्यम कुमार तृतीय स्थान प्रियांशी राज ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने अध्यनरत छात्र छात्रों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।उन्होंने कहा आप सभी लक्ष्य को निर्धारित करके पढ़ाई करें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सतत प्रयास लग्न एवं परिश्रम से करने पर जीवन के हर क्षेत्र में सफल होंगे। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्रा एवं आचार्य परिवार उपस्थित थे।

# राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा एवं पांकी विधायक शशि भूषण मेहता का लातेहार में भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा व पांकी विधायक शशि भूषण मेहता का लातेहार आगमन पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह पूर्व जिला परिषद शिल्पा कुमारी वेश्य महासभा का जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शौणडिक संगठन करता मोती सोनी आरोग भारती के राजेश शर्मा नगर महामंत्री विवेक गुप्ता चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के सह सचिव सुनील प्रसाद,निर्दोष गुप्ता , भाजपा नेता रामदेव सिंह युवा नेता नागमणि युवा नेता मोहितेश अग्रवाल सहित मितल आटोमोबाइल में सैकड़ों लोग शामिल थे।मौके पर प्रदीप वर्मा ने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र



भाई मोदी के द्वारा एक से एक आश्चर्यजनक कार्य किये गए हैं। जो आप लोग बीच में है। जम्मू और कश्मीर की जो समस्या था 370 धारा रद्द किया गया राम जन्मभूमि का निर्माण हुआ । देश में एम्स की संख्या बढ़ गई है विश्वविद्यालय की संख्या बढ़ गई है। रेल यातायात की व्यवस्थित हुई है। गरीबों के लिए निःशुल्क अनाज की व्यवस्था किया है। कोरोना काल में वैक्सीन सहित अन्य व्यवस्था निःशुल्क किया गया। जिला अस्पताल में आईसीयू का व्यवस्था किया गया। ऑक्सीजन की व्यवस्था हर जिला में किया गया । घर-घर जल नल योजना उज्ज्वला योजना सहित कितना योजना चल रहा है। मोदी जी कितना कम समय में इतना योजना चालू की हैं, जो आपके पास है।इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी जी के नेतृत्व में 140 करोड़ जनता के हित में तीसरी बार नरेंद्र भाई मोदी की सरकार बनने जा रही है। यह जनता का संकल्प है। आप लोग का सहयोग से भारत विश्व का आर्थिक सूची में जो अभी चार में है वह नंबर वन में आएगा। इन्होंने बताएं कि भाजपा की कार्यकर्ता शुरू से राष्ट्र नवनिर्माण में अपने घर से खा कर राष्ट्र हित में काम करते हैं। इसी का परिणाम है कि आज देश में अच्छे दिन आपके बीच में आ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने चार वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त को भुरकुंडा पटेल नगर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा



**भुरकुंडा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा पटेल नगर से पुलिस ने चार वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। बता दें कि अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातु बिरेन्द्र कुमार राम को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि पतरातु भुरकुंडा थाना कांड सं0-327/2017, धारा 419/420/406 में फरार वारंटी चंदन कुमार पिता-सुदामा शर्मा ग्राम पटेलनगर (गायत्री मंदिर के पीछे) थाना-पतरातु (भुरकुण्डा ओ0पी0) जिला-रामगढ़ अपने घर में है। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु बिरेन्द्र कुमार राम के कुशल नेतृत्व में एक टीम का गठन कर पिछले 4 वर्षो से फरार वारंटी चंदन कुमार उम्र-32 वर्ष पिता सुदामा शर्मा ग्राम पटेलनगर (गायत्री मंदिर के पीछे) थाना-पतरातु भुरकुंडा ओ0पी0 जिला-रामगढ़ को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय में भेजा गया।पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी की गाई । इस छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक पतरातू योगेन्द्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि अविनाश कुमार, पुअनि निर्भय कुमार गुप्ता, पुअनि कुणाल कुमार सदलबल शामिल थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में वार्षिक परीक्षाफल किया गया घोषित



**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को समारोह का आयोजन कर वार्षिक परीक्षा परिणाम को जारी किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल रजरप्पा के परियोजना पदाधिकारी सह् विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपेंद्र नारायण प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, सचिव गोपाल नायक, कोषाध्यक्ष आशीष झा, प्राचार्य उमेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। इस दौरान कक्षा अरुण से एकादश तक के छात्र-छात्राओं के बीच परीक्षाफल वितरण किया गया।सभी कक्षाओं में क्रमशः-प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उपेंद्र नारायण प्रसाद ने कहा कि नियमित पढ़ाई के साथ व्यवस्थित जीवन शैली सफलता के द्वार खोलती है।सचिव गोपाल नायक ने कहा कि निष्ठा पूर्वक कड़ी मेहनत करने से ही सफलता मिलती है। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि सभी बच्चे प्रतिभावान हैं, आगामी सत्र में एक नये संकल्प के साथ नवीन कक्षा में पढ़ाई करें, सफलता निश्चित मिलेगी। परीक्षाफल की घोषणा परीक्षा प्रमुख आचार्य इंद्रजीत सिंह ने किया।समारोह का संचालन शिक्षिका गायत्री कुमारी, अतिथि परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्योति राजहंस ने की।इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थिति थे।

### सड़क दुर्घटना में स्कूली बच्चा हुआ गंभीर रूप से घायल

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला थाना क्षेत्र के डीवीसी डेली मार्केट के पास शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक स्कूली छात्र गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जांगी गाँव निवासी काशीनाथ करमाली का पुत्र जितेन्द्र करमाली(15 वर्ष) साइकिल पर सवार होकर कम्प्यूटर क्लास करने के लिए गोला की ओर जा रहा था तभी बनतारा स्थित डेली मार्केट के समीप सफेद रंग की ट्रेलर ( एन एल 01एएच 1880) ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में घायल जितेन्द्र करमाली का दाँया पाँव बुरी तरह से कुचल गया। आनन फानन में घायल को एम्बुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला लाया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल का दाँया पाँव ट्रेलर के चक्के के नीचे आ जाने से उसके जाँघ से लेकर निचले हिस्से तक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उसे प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया है।

### 28 घंटे बाद लोलो बस्ती के पत्थर खदान से गोताखोरों ने राहुल कुमार बेदिया का शव निकाला

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के रजरप्पा थाना अंतर्गत लोलो गांव के पत्थर खदान में कल 12:00 बजे राहुल बेदिया नामक युवक पानी में डूब गया था । परिजनों की इसकी सूचना मिलने के बाद उसे निकालने की काफी कोशिश की जा रही थी आज शनिवार को 28 घंटे बाद लोलो बस्ती के पत्थर खदान से स्थानीय गोताखोरों ने राहुल कुमार बेदिया का शव को पानी से बाहर निकाला ।जानकारी के अनुसार बरकाकाना ओ पी क्षेत्र के कंडेर गांव निवासी राहुल बेदिया शुक्रवार को 12ः00 बजे पत्थर खदान में अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था । राहुल बेदिया का इस दौरान पैर फिसल गया और राहुल खदान के गहरे पानी में डूब गया। लोगों ने इसकी सूचना परिवार वालों को दी परिवार वालों ने लगातार शव को निकले की कोशिश की आज 28 घंटे बाद स्थानीय कोताखोरों के द्वारा उसका शव को बाहर निकल गया।

### एक लाख रुपए के सोने की चेन लेकर रफू चक्कर हुए बाइकर्स गैंग

**कुजू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार के दिन कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत कुजु बस्ती के अनीता देवी उम्र लगभग 50 वर्ष अपने निवास स्थान ओटो से उतरकर जा रही थी इसी बीच दो बाइकर्स हेलमेट लगाए हुए गले में पहने हुए लगभग एक लाख रुपए के सोने की चैन को लेकर रफू चक्कर हो गए वहीं महिला ने कुजू ओपी में आवेदन देकर घटना की जानकारी कुजू ओपी प्रभारी घटना की सूचना पाकर अन्न- फानन बस्ती के अगल-बगल के दुकान वा पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में लगे हुए हैं। वही संबंध में बताया जाता है कि इस प्रकार की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी है।

## स.शि.वि.मं पतरातू में वार्षिक परीक्षाफल घोषित, सर्वाधिक अंक लाने वाले पुरस्कृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पतरातू बाजार में वार्षिक परीक्षाफल सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय समिति संरक्षक नरेश कुमार पाठक कोषाध्यक्ष रोहित सिंह और प्रधानाचार्य उपेन्द्र पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से दीप-प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। जिसके बाद मंच का संचालन विद्यालय परीक्षा विभाग की प्रमुख ज्योतिपूरी के द्वारा संचालित किया गया। वहीं परीक्षा का महत्व के बारे में शिक्षिका नुतन कुमारी द्वारा विस्तार पूर्वक भैया-बहनो को जानकारी दी गई। साथ ही सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवम तृतीय आने वाले सभी



छात्र-छात्राओं को विद्यालय के समिति सदस्य,शिक्षक एवम अभिभावकों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर विद्यालय के आचार्य संजय सिंह,घनश्याम कुमार,राजेन्द्र साव,दिपक कुमार,प्रशांत कुमार,निर्मला कुमारी,प्रीति पाठक और रानी कुमारी सहित विद्यालय के भैया-बहन आदि उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर, रामगढ के प्रांगण में शनिवार को एक वरिष्ठ शिक्षक हरिनारायण तिवारी एवम वरिष्ठ शिक्षिका उषा गुप्ता को भावभीनी विदाई देने के लिए समारोह आयोजित किया गया।फूलों का सुंदर गुलदस्ता प्रदान करते हुए प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी ने उन्हें आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीद्य विद्यालय की ओर से उनके कर्तव्यनिष्ठ सेवा के लिए



आभार व्यक्त किया। यह क्षण बहुत ही भावुक करने वाला था। सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने तिवारी जी एवं उषा जी के प्रति सद्भावना प्रगट करते हुए उन्हें भविष्य के लिये सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) सचिव विमल किशोर जाजू एवं प्रशासक एसपी सिन्हा ने दोनों शिक्षक- शिक्षिका को उनके उत्कृष्ट शिक्षण एवं कर्तव्यनिष्ठ भाव से सेवा पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकागण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूजा अर्चना करने छिन्नमस्तिका मंदिर आई एक वृद्ध महिला लापता, सनहा दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बिहार से पूजा अर्चना करने छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा आई एक वृद्ध महिला लापता हो गई है। इस संबंध में लापता वृद्ध महिला के पुत्र बिनोद सिंह द्वारा शनिवार को रजरप्पा थाना में अपनी मां की लापता होने की शिकायत दर्ज कराया गया है। थाना में दिए आवेदन के अनुसार उसका कहना है कि मैं विनोद सिंह, पिता द्वारिका सिंह ग्राम चाँदी, थाना ड्ड अकोढी गोला, जिला रोहतास, बिहार का निवासी हूँ। मैं दिनांक ड्ड 29 मार्च दिन शुक्रवार को अपने पूरे परिवार के साथ अपने नीजी वाहन से रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर आया हुआ था। पूजा अर्चना के दौरान मेरी माँ पंजीर देवी (उम्र-लगभग 65 वर्ष) भीड़ में कहीं भटक गई। उनको आस-पास के सभी जगह खोजा गया। काफी खोजबीन के बाद भी वह कही नही मिली। जिसके बाद रजरप्पा थाना में सनहा दर्ज कराते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन से उनकी मां को ढूंढने की गुहार लगाया है।

## गिरिडीह लोकसभा से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को पुनः एनडीए उम्मीदवार बनाना स्वागत योग्य : नीरज मंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गिरिडीह लोकसभा में पुनः एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी का नाम घोषित करने पर स्वागत करते हुए खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज कुमार मंडल ने कहा कि आजसू पार्टी ने विकाश पुरूष, संघर्षशील एवं जुझारू सांसद को उम्मीदवार बनाकर सरहनीय कार्य किया है द्य वो हमेशा झारखंड की जनता के हित में आंदोलन करते आए हैं और पुरे दम खम के साथ चुनाव मैदान में खड़े हैं द्य एनडीए गठबंधन की 14 सीट में जीत निश्चित है और गिरिडीह



लोकसभा की देव तुल्य जनता राष्ट्रीय निर्माण और विकाश के प्रति इस बार नया आयाम लिखने का कार्य करेंगे और साथ ही रिकॉर्ड मतों से विजई दिलाकर यजस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के हाथों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य करेंगे द्य एनडीए गठबंधन केवल झारखंड ही नहीं पूरे भारत देश में एनडीए पक्ष में लहर बह रही है द्य और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के लिए गिरिडीह लोकसभा के देव तुल्य जनता ओर एनडीए गठबंधन की बीजेपी आजसू कार्यकर्ता ही उनकी ताकत है द्य निर्णय के स्वागत करने वालों में अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, अजय महतो, नंदू महतो ने किया ।

## लोकसभा चुनाव को लेकर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की एक बैठक क्षेत्रीय कार्यालय (जी एम ऑफिस ) में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केन्द्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो की उपस्थिति में हुई । इस बैठक की अध्यक्षता एरिया सचिव सत्येंद्र कुमार महतो एवं संचालन सुखदेव महतो ने किया। इसमें मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव पर एनडीए प्रत्याशी मनीष



जयसवाल को भारी बहुमत से जीतने का संकल्प लिया गया। यूनियन के क्षेत्रीय पदाधिकारी सभी शाखा के अध्यछ सचिव संगठन को मजबूती प्रदान करना की मुख्य मुद्दों पर सभी ने अपना-अपना विचार रखा । इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा धीरेंद्र सिंह देव कुमार बेदिया राजा पाल संता कुमार बालेश्वर महतो राजू कुमार नागेंद्र सिंह बीएन झा मिश्रीकांत राय दाताराम महतो आदि उपस्थित थे।

## ड्रीम 11 में एक करोड़ 33 लाख जीतकर किया कोयलांचल का नाम रोशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा रिवर साईड आफिसर कॉलोनी स्थित राजू मल्होत्रा के पुत्र कुलजीत सिंह मल्होत्रा ने ड्रीम 11 में 1 करोड़ 33 लाख जीतकर भुरकुंडा कोयलांचल का नाम रोशन किया है। कुलजीत सिंह बताया की ड्रीम इलेवन पर टीम बनाकर रातोंरात मैं करोड़पति बन गया, खुद विश्वास नहीं हो पाया। कुलजीत सिंह को इन्होंने ड्रीम इलेवन पर 1 करोड़ 33 लाख रुपए जीत चूका है जिससे खुशी का ठिकाना नहीं। कलकत्ता



नाइट राइडर्स और बैंगलोर टीम के बीच कुलजीत सिंह ने टीम बनाकर ड्रीम इलेवन का प्रथम पुरस्कार का खिताब जीता है। ड्रीम इलेवन पर जीत की खबर के बाद परिवार सहित कोयलांचल में खुशी और चर्चा का विषय है। आपको बता दें कि भुरकुंडा मे प्राइवेट कंपनी साइडिंग में काम करता है। और जुबिली कालेज से ग्रेजुएशन का पढ़ाई करता है।

## मानसिक रूप से प्रताड़ित व्यक्ति ने लूट का लगाए गंभीर आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुज्जू :** रामगढ जिला के कुज्जू ओपी में शनिवार के अपराह्व 3ः00 बजे के लगभग आरा बस्ती का रहने वाला अनिल कुमार नामक व्यक्ति ने 3ः50 लाख रुपए लूट की सूचना पुलिस को दियाद्य इस सूचना के बाद पूरे जिले के पुलिस पदाधिकारी के बीच खलबली मच गईद्य रामगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित वरीय अधिकारी कुज्जू ओपी पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार कुजू ओपी क्षेत्र के आर बस्ती का रहने वाला अनिल कुमार नामक व्यक्ति कुज्जू ओपी में पहुंचकर एक आवेदन दियाद्य जिसमें अनिल कुमार ने उसमें साढे तीन लाख रुपए की लूट की बात कहीद्य अनिल कुमार के सूचना के बाद रामगढ़ के एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस दल ने उसके बताए बैंक और घटनास्थल का निरीक्षण कियाद्य पुलिस को सीसीटीवी में कहीं कुछ नजर नहीं आयाद्य पुलिस को बैंक से पता करने पर बताया गया कि




अनिल कुमार ने रुपए नहीं निकले हैं।

इसके बाद पुलिस के अधिकारी अनिल कुमार से सख्ती से पूछता शुरू कियाद्य पुलिस अधिकारियों के पूछताछ के बाद अनिल कुमार ने सभी बातों को सच-सच बता दियाद्य अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने कुछ महीने पूर्व अपने फुआ के बेटे से शादी के नाम पर 3ः50 लाख रुपए लिया था द्य रुपए उसे खर्च हो गए थेद्य जिसके कारण वह काफी परेशान चल रहा थाद्य उसने पुलिस को बताया कि पहले उसने कल 29 मार्च को आत्महत्या करने की योजना बनाई थीद्य उस योजना को छोड़कर अनिल कुमार ने लूट के योजना को बनाकर अंजाम देना चाहाद्य उसी के अंतर्गत आप उसने कुजू ओ पी में एक आवेदन देकर लूट की बात कही थीद्य पुलिस अनिल कुमार के बताए बातों को सुनकर मांडू में रहने वाले उसके संबंधी प्रकाश राम को बुलाया द्य प्रकाश राम ने ही अनिल को शादी के लिए 3ः50 लाख रुपए दिए थे द्य पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रकाश राम को सारी बात बताए जाने के बाद उसने अपने रिश्ते के भाई अनिल कुमार को अपने साथ ले गयाद्य पुलिस ने प्रकाश राम के जिम में अनिल कुमार को छोड़ दिया।

## पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के कांग्रेस में आने से इंडिया गठबंधन मजबूत होगी : सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने रांची एयरपोर्ट पहुंचकर पुर्व सांसद रामटहल चौधरी के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर बुके व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जबरदस्त मजबूती मिली है।लोकसभा सीट पर अब कांग्रेस उम्मीदवार की जीत का रास्ता भी तय हो गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के माटी के सपूत और आने वाले समय में पूरे राज्य स्तर पर कांग्रेस पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। उनके कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। बधाई देने वालों में बलिराम महतो उतम कुमार छोटन कुमार युगल किशोर महतो रामप्रसाद महतो शुभम कुमार करमू कुमार लिलेश्वर महतो महेंद्र ओहदार राजकुमार महतो दशरथ साव आदि।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त पोस्टल बैलट के द्वारा मतदान को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित पोस्टल बैलट के द्वारा मतदान को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आकस्मिक सेवाओं व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पुनः सभी को जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान आवश्यक सेवाओं में कार्यरत व्यक्ति, ऐसे अधिकारी/




कर्मी जो मतदाता सूची में नामांकित है और जिन्हें मतदान की तिथि पर ड्यूटी पर होने के लिए प्रमाणित किया जाएगा वे आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं (अब्सेंटी वोटर एसेंशियल सर्विस) के रूप में डाक मत पत्र द्वारा अपना वोट डालने के पात्र होंगे वहीं उन्होंने पोस्ट वॉलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु भरे जाने वाले प्रपत्र 12 डी के संबंध में भी सभी को जानकारी देते हुए प्रपत्र में भारी जाने वाली आवश्यक जानकारियां भी सभी को दी। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आवश्यक श्रेणी में आने वाले विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर आकस्मिक सेवाओं के अधिकारियों सहित विभिन्न कार्यालय प्रधानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्वाचन के दौरान आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आने वाले सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का पूरा मौका मिले। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन संबंधित विभिन्न प्रावधानों, नियमों आदि की जानकारी देते हुए कहा कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें उनका हक है अगर किसी भी क्षेत्र से ऐसी सूचना प्राप्त होती है कि मतदान के दिन किसी व्यक्ति के वेतन में कटौती की गई है अथवा किसी तरीके से मतदाता को मतदान करने से रोका गया है तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पोस्टल बैलट के अलावा बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आकस्मिक सेवाओं अंतर्गत विभिन्न अधिकारियों को मतदान के दिन सभी तरह की आकस्मिक सेवाएं पूरी तरह से बहाल रखने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के द्वारा भी पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

# चंद्रप्रकाश चौधरी को पुनः एनडीए प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को एनडीए गठबंधन से गिरिडीह लोकसभा से पुनः प्रत्याशी बनने पर आजसू पार्टी के धनबाद जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी सहित दर्जनों कार्यकताओं ने सीपी चौधरी को पुष्प गुच्छ देकर जीत की अग्रिम बधाई दी. कार्यकर्ताओं ने एक-दुसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त किया. रामा शंकर तिवारी ने आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो सहित ÷संसदीय बोर्ड÷ के सभी सदस्यों को आभार व्यक्त किया. श्री तिवारी ने कहा कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का गिरिडीह लोकसभा से जीत सुनिश्चित है.सांसद ने गिरिडीह के जनता के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित किए है. विस्थापितो के हक और अधिकारी के लिए सांसद ने अपने अथक प्रयास से ट्रिब्यूनल एक्ट का गठन कराया. विस्थापित अपने अधिकार के लिए दर-दर नहीं भटकेगे ,जो धनबाद, बोकारो, गिरिडीह सहित तमाम जिलों के विस्थापित इस एक्ट के तहत अपना हक और अधिकार पा सकेंगे. तिवारी ने कहा कि सांसद चंद प्रकाश चौधरी के जीत के साथ झारखंड के सभी 14 सीटें एनडीए भारी बहुमत से जीतेगी.वहीं केंद्र में नरेंद्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनाने में आजसू पार्टी अहम भूमिका निभाएगी.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हुआ है और विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है. देश की बेहतर भविष्य के लिए नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री की सख्त जरूरत है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है, जो सराहनीय कदम है। वहीं कोरोना जैसे महामारी होने के बावजूद भी चंद्रप्रकाश चौधरी ने ढेर सारी योजनाएं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभाओं में उतारने का काम किया है.मौके पर खुशी जाहिर करने वाले केन्द्रीय सदस्य मनीष सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश गयाली, प्रखण्ड सचिव प्रेम कुमार तिवारी, मुखिया कुन्दन रजक, आशीष तिवारी, विकाश सरकार, सुमन पाण्डेय, टिकू महतो, राजेश उरांव, बबलू सिंह, मिथुन बाऊरी, अजय पासवान, विशाल कुमार, जितन नापीत, ओम पाण्डेय, गौतम गोप, गोल्डन तिवारी, किशोर नापीत, संजय महतो, मुकेश महतो, अनीश सिंह मुकेश रवानी, विक्की गुप्ता, दीपक कुमार, पुनीत रविदास, राजेश कुमार, मनोज पाण्डेय, बिल्लू सिंह, बिट्टू बाऊरी, जनार्दन गोप, मो. डब्लू, मुकुंद यादव, विक्रम सोनार, अजित सिंह इत्यादी शामील थे।

# मुंगेर से अवैध हथियार लाकर धनबाद में बेचने वाले 2 गिरफ्तार

## 2 कंट्री मेड पिस्टल, मैगजीन व 14 गोली बरामद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव को भयमुक्त तथा शांतिपूर्ण वातावरण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। इसके लिए वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जर्नादनन ने अवैध हथियार की हो रही खरीद विक्री एवं गैर कानूनी उपयोग पर पूर्ण रोक लगाने के लिए एसडीपीओ निरसा के नेतृत्व में उनके सहयोग हेतु एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की है। जिसमें निरसा थाना प्रभारी, गोविंदपुर थाना प्रभारी व गल्फरबाड़ी ओपी प्रभारी को शामिल किया गया। टीम द्वारा 50 वर्षीय एक महिला और उसके पुत्र को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। इस संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित कर वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनको गुप्त सूचना मिली थी कि निरसा आरती होटल, कंचनडीह के सामने भुईयाधौड़ा की एक 50 वर्षीय महिला और उसका पुत्र मुंगेर से अवैध देशी कट्टा, पिस्टल लाकर निरसा थाना क्षेत्र एवं इसके आस-पास के थाना क्षेत्रों के लोगो को बेचते है। सूचना के आधार पर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने छापामारी करते हुए महिला उषा देवी एवं उसके पुत्र कृष्णा यादव को 7.65 एमएम के 2 कंट्री मेड पिस्टल, 7.65 एमएम के 2 खाली मैगजीन और 7.65 एमएम के 14 जींदा कारतूस के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। उन्होंने बताया छापामारी दल में थाना प्रभारी गोविन्दपुर रविकान्त प्रसाद, थाना प्रभारी निरसा मंजीत कुमार, गल्फरबाड़ी ओपी प्रभारी नितिश कुमार, निरसा थाना के पवन तिर्की, आरक्षी लव कुमार सिंह, शिल्पी भगत, अशोक सोरेन, सिद्धेश्वर कुमार मेहता, राजेश कुमार सिंह के अलावा गोविंदपुर एवं गल्फरबाड़ी ओपी की टीम शामिल रही। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन ने 12 चेक पोस्ट के साथ-साथ इंटर डिस्ट्रिक्ट एवं इंट्रा डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट भी बनाए है। साथ ही 21 फ्लाइंग स्क्वायड टीम की तैनाती की गई है। अन्य राज्य या अन्य जिले से धनबाद में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच कर अवैध हथियार, नकद राशि, शराब व अन्य प्रतिबंधित वस्तु लेकर घूम रहे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक आर्म्स एक्ट, एससी / एसटी, दंगा, वाहन चोरी करने वाले 2400 अपराधियों की सूची बनाई गई है। पुलिस द्वारा एक-एक व्यक्ति के घर जाकर वेरिफिकेशन किया जा रहा है। साथ ही बताया कि पुलिस ने 14 अपराधियों के विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट लगाने की अनुशंसा की है।

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरजू राय का हुआ भव्य स्वागत

# धनबाद के लोगों ने साथ दिया तो मैं चुनाव लड़ने को तैयार : सरजू राय



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दामोदर बचाओ अभियान के प्रणेता, पर्यावरण योद्धा सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरजू राय शनिवार को झरिया में अपने समर्थको से मिलकर झरिया की पर्यावरण की स्थिति एवं सामाजिक, राजनीतिक हालातो का जायजा लिया। विधायक सरजू राय का झरिया के लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। लोगों ने एक स्वर में कहा की धनबाद में सरजू राय जैसे नेता की जरूरत है। पर्यावरणविद सरजू राय ने कहा की कोयलांचल में पर्यावरण की स्थिति बिगड़ी है और इसके पीछे भ्रष्टाचार जिम्मेवार है। मैं 2004 से दामोदर बचाव पर काम कर रहा हूं। आज दामोदर नदी की स्थिति सुधर गई है साफ हो गया है किंतु बीसीसीएल अकर्मण्यता के कारण इसे पुनः प्रदूषित किया जा रहा है। धनबाद में प्रदूषण भूमिगत आग, भूधसान, विस्थापन एवं अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर लोग त्रस्त हैं और उनके पुकारने पर मुझे यहां आने पर विवश होना पड़ा। मैंने यहां के पर्यावरण संरक्षण पर कार्य किया हूं और इसे बचाने के लिए आगे भी कार्य करता रहूंगा।

# मतदान को लेकर मतदाताओं को दिलाई गई स्वीप के तहत शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के पुरनाडीह एवं कोल्हर गांव में आज शनिवार को सहायक निर्वाचक निबंधन दण्डाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी टुंडी के निर्देश पर आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त टी आई पी के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी मतदाताओं को शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। मौके पर पुरनाडीह पंचायत सेवक गौतम कुमार तिवारी, रोजगार सेवक रविलाल बास्की, दिनेश कुमार गुप्ता, संतोष महतो, टुपलाल पंडित, बालेश्वर मंडल, सौरव कुमार, समेत सैकड़ो मतदाता उपस्थित थे।

# असर्फी कैंसर संस्थान में कैंसर की पहचान पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, स्वास्थ्य सहायिकाओं ने लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट और असर्फी कैंसर संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को असर्फी कैंसर संस्थान सभागार में ÷प्रारंभिक स्तर में कैंसर की पहचान एवं समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रपत्र (सीबीएसी)÷ विषय पर एक दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 से ज्यादा स्वास्थ्य सहायिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असर्फी कैंसर संस्थान के रेडिएशन ऑन्कोलोजिस्ट डॉ. विप्लव मिश्र ने बताया कि ग्रामीण इलाके में कैंसर के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने में स्वास्थ्य



सहायिकाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि स्वास्थ्य सहायिकाएं कैंसर को लेकर अच्छी तरह प्रशिक्षित हों। उन्होंने कैंसर के कारण, इसके अलग-अलग स्टेज, जांच और उपचार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह के कैंसर की शुरुआती अवस्था में पता चले तो इससे बचा जा सकता है। इसके लिए समय पर जांच और उपचार कराना जरूरी है। कैंसर की जांच बायोप्सी से की जाती है। बायोप्सी से डरना नहीं चाहिए। इसे कराने से कैंसर नहीं फैलता। ग्रामीण इलाके में बायोप्सी कराने के बारे में जागरूकता फैलाया जाना जरूरी है। असर्फी कैंसर संस्थान के बारे में उन्होंने बताया कि यहां अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप कैंसर मरीजों की जांच और इलाज किया जाता है। कैंसर का तीन तरीके से इलाज किया जाता है, जिसमें सर्जरी, रेडिएशन और कीमोथेरेपी शामिल है। असर्फी कैंसर मे तीनों तरीके से इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में असर्फी कैंसर संस्थान की डॉ. प्रियंका और जेनरल फिजिसियन डॉ. जफर ने भी कैंसर की जांच, बचाव और उपचार के बारे में जानकारियां दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर संस्थान के निदेशक गोपाल सिंह, कॉरपोरेट हेड संतोष सिंह, सूरज मिश्र समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलियापुर में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार दिनांक 30 मार्च 2024 को प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त विभागीय निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलियापुर में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित मूलभूत प्रक्रियाओं एवं विचारों से अवगत कराया गया। वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर दीपक कुमार दास को मतदाता जागरूकता हेतु सभी गतिविधियों एवं क्रियाकलापों को संचालित करने का निर्देश दिया गया। उपस्थित सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी को अपना नाम मतदाता सूची में मिलान कर मतदान के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया। साथ ही वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करवा कर सभी का सत्यापन करवाया गया।

# लालमणि में स्व मंगलाकांत लाला को दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को संबलपुर स्थित सहयोगी नगर सेक्टर 3 स्थित ओल्ड एज होम और लोहारबरवाअड्डा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम अपना घर में स्वर्गीय मंगला कांत लाला के उनके तैलचित्र पर पुष्पअर्पण, माल्यार्पण एवं श्रद्धा से नमन कर शांति प्रार्थना की गई। प्रार्थना में आश्रम के समस्त बुजुर्गों एवं स्वर्गीय मंगलाकांत लाला के परिजनों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर आश्रम में वृद्धजनों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। मौके पर स्वर्गीय मंगलाकांत लाला के रिश्तेदार राजू लाल ने बताया बुजुर्गो की आश्रम आकर सेवा कर शांति प्रार्थना कर बहुत ही आत्मिक संतुष्टि मिली है और सबसे बहुमूल्य इन बुजुर्गो का ढेर सारा आत्मिक आशीर्वाद मेरे पूरे परिवार को मिला।

# एसएसवीएम में त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में शनिवार को त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का समापन हुआ। समापन सत्र का उद्घाटन प्रो विनीता कुमारी, गिरिडीह महाविद्यालय बीएड संकाय, स्वतंत्र निदेशक, वित्त मंत्रालय (जीआईसी)भारत सरकार एवं प्रधानाचार्य आनंद कमल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। अतिथि परिचय एवं विषय की प्रस्तावना अजीत मिश्रा ने किया। मौके पर विनीता कुमारी ने कहा कि यह कार्यशाला आगामी वर्ष की योजनाओं के निर्माण और उसके क्रियान्वयन हेतु किए जाने वाले प्रयासों की चर्चा-परिचर्चा का है। विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों को लेकर शिक्षण कार्य पूर्ण किया जाए ताकि बच्चे भावी राष्ट्र के निर्माण में सहायक हों।बच्चों के अंतर्मुखी प्रतिभा को पहचान कर उसे आगे बढ़ने का कार्य शिक्षक बखूबी करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्राथमिक शिक्षा बच्चों की मातृभाषा में हो। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रधानाचार्य ने बताया कि सभी विभागों की समीक्षा की गई। दिनानुसार शून्य कालांश की सभी गतिविधियों के क्रियान्वयन पर बल दिया गया।

प्रांतीय कार्य योजना एवं शैक्षिक पंचांग 2024-25 के विषयों पर चर्चा एवं आचार्य को दायित्व सौंपा गया। कहा कि नए सत्र का शुभारंभ 04अप्रैल से होगा।

# स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 30 मार्च 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत आज झरिया सिंदरी मार्ग पर स्वच्छता कर्मियों ने स्वच्छता वाहनों के साथ SVEEP/ मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त प्रसन्न कुमार सभी को निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं सिंदरी नगर निगम क्षेत्र में स्वीप दैनिक प्लान अंतर्गत रोड़ा बांध क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलियापुर में VAF बैठक में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। वहीं आरपीएफ द्वारा भी मतदान हेतु शपथ ग्रहण किया गया। इसके अलावे कोरकोट्टा पैक्स लिमिटेड एवं पलानी पैक्स लिमिटेड में भी मतदाता जागरूकता बैठक एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा विभिन्न बूथों पर चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, डेमो ईवीएम ट्रायल, रंगोली प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई। इन सभी गतिविधियों का लक्ष्य है कि शत प्रतिशत वोटर मतदान के दिन अपने-अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत लोगों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया।

# पटना, सहरसा, समस्तीपुर एवं रक्सौल से आनंद विहार के लिए होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** होली के उपरांत यात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा अतिरिक्त होली स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 03243 पटना-आनंद विहार टर्मिनल सुपर फास्ट होली स्पेशल दिनांक 01.04.24 को पटना से 15.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 07.00 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी ।

इस होली स्पेषल ट्रेन में 20 स्लीपर क्लास के कोच लगाए जाएंगे ।

2. गाड़ी सं. 05575 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल दिनांक 01.04.24 को सहरसा से 09.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा खगड़िया, बेगुसराय, बरौनी, हाजीपुर छपरा सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 06.30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी ।

3. गाड़ी सं. 05585 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल 03.04.24 को सहरसा से 09.30 बजे प्रस्थान करेगी तथा खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर छपरा सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05.15 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी ।

इस होली स्पेषल ट्रेन में स्लीपर क्लास के 19 कोच लगाए जाएंगे ।

4. गाड़ी सं. 05531 रक्सौल-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल 03.04.24 को रक्सौल से 22.25 बजे प्रस्थान करेगी तथा सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, पनियहवा, गोरखपुर सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 18.00 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी ।

5. गाड़ी सं. 05561 समस्तीपुर- आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल दिनांक 02.04.24 को समस्तीपुर से 19.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा दरभंगा, सीतामढ़ी, नरकटियागंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 17.30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । इस होली स्पेषल ट्रेन में स्लीपर क्लास के 20 कोच लगाए जाएंगे ।

6. गाड़ी सं. 03435 मालदा टाउन-आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल दिनांक 08.04.24 को मालदा टाउन से आनंद विहार टर्मिनल के लिए प्रस्थान करेगी ।

7. गाड़ी सं. 03483 भागलपुर-नई दिल्ली होली स्पेशल दिनांक 02.04.24 एवं 06.04.24 को भागलपुर से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी ।

8. गाड़ी सं. 03413 मालदा टाउन-नई दिल्ली होली स्पेशल दिनांक 31.03.24, 04.04.24 एवं 07.04.24 को मालदा टाउन से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी ।

# 4 अप्रैल तक लाइसेंसी आर्म्स थाना में जमा कराने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव 2024 के अवसर पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी थाना प्रभारियों को 4 अप्रैल 2024 तक उनके क्षेत्र के लाइसेंसी आर्म्स धारकों के आर्म्स का सत्यापन कर, उसकी रिसीविंग देकर, आर्म्स को थाना में जमा लेने का निर्देश दिया है। साथ ही वैसे आर्म्स लाइसेंस धारी जो अन्य जिला एवं राज्य से निर्गत आर्म्स लाइसेंस पर शस्त्र धारण कर रहे हैं तथा धनबाद जिला में निवास करते हैं, उनको भी निर्देश दिया है कि वे 4 अप्रैल 2024 तक अपने-अपने लाइसेंसी आर्म्स का स्थानीय थाना में सत्यापन कराकर जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। 4 अप्रैल 2024 तक लाइसेंसी आर्म्स को स्थानीय थाना में जाम नहीं किए जाने की स्थिति में शस्त्र अधिनियम 1959 एवं 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत लाइसेंस को निलंबित या रद्द करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। साथ ही अन्य जिला एवं राज्य से निर्गत आर्म्स लाइसेंस को रद्द करने के लिए उनके अनुज्ञापन पदाधिकारी को प्रतिवेदित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी बैंक, सीएमआरआई, सीएमआईएफआर, बीसीसीएल, टिस्को जामाडोबा एवं अन्य संस्था सुरक्षा के दृष्टिकोण से आर्म्स को थाना में जमा किए जाने से विमुक्त रहेंगे। वहीं लोक सभा चुनाव 2024 के समाप्ति के बाद संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों को विमुक्त करते हुए उन्हें उपलब्ध करा दिया जायेगा।

उपायुक्त का कार्यालय,कोडरमा।
(सामान्य शाखा)
आम सूचना

आगामी लोकसभा निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर सुरक्षा के दृश्टिकोण से शस्त्र नियमावली 1962 के नियम (63) के तहत जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निदेश दिया जाता है कि अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को अपने स्थानीय थाना/ओ0पी0/आर्म्स डीलर के पास दिनांक 07–04–2024 तक निश्चित रूप से जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुज्ञप्तिधारी द्वारा शस्त्र आर्म्स डीलर के पास अपना शस्त्र जमा करने की स्थिति में पावती रसीद की छायाप्रति निश्चित रूप से स्थानीय थाना/ओ0पी0 को उपलब्ध करायेंगे। लोकसभा निर्वाचन, 2024 सम्पन्न होने के पश्चात संबंधित थाना/ओ0पी0 एवं आर्म्स डीलर से वापस प्राप्त कर सकते है।

उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
कोडरमा।
PR 323459 Koderma(23-24)D

जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,सिमडेगा
आवश्यक सूचना

आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के आलोक में निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिमडेगा के निर्देशानुसार पोस्टल बैलेट से संबंधित कार्य हेतु सिमडेगा जिला इकाई के गृह रक्षकों से बार–बार वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर आदि की माँग की जा रही है। लेकिन बहुत से गृह रक्षकों के द्वारा अभी तक उक्त दस्तावेज इस कार्यालय को उपलब्ध नही कराया गया है, जिसके कारण Randomization का कार्य नही हो पा रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेद जनक और अस्वीकार्य है।

अतः आदेशित किया जाता है कि आप सभी माँगी गई उपरोक्त सारी जानकारी विहित प्रारूप के अनुसार (02) दो दिनों के अंदर हस्ताक्षरित कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि इसे ससमय अग्रतर कार्रवाई हेतू वरीय पदाधिकारियों/कार्यालय को प्रेषित किया जा सके।

इसे अति आवश्यक समझेंगे।

पुलिस उपाधीक्षक(मु0)
–सह–
जिला समादेष्टा,झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,सिमडेगा
PR 323457 Police(23-24).D

# लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया विभिन्न गाँवों का दौरा, ग्रामीणों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत टैंसेरा गांव पहुंचे।सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पंचायत भवन टैंसेरा में ग्रामीणों संग बैठक किया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों को चुनाव संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी उन्होंने कहा कि आगामी 13 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में आप सभी अपने मतदान केंद्र पर जाएं और अधिक से अधिक मतदान करें। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है जिससे आप सभी को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

**मतदान के दिन आए और स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करें : उपायुक्त सिमडेगा**

उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं के लिए पेयजल, शौचालय की सुविधा, धूप से बचने के लिए सेड, दिव्यांग,महिला एवं पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का बहाल सुनिश्चित किया गया है। मतदान के दिन आए और स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करें। साथ ही उन्होंने छूटे हुए मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म 6 भरने की बात कहीं, उन्होंने बतलाया कि 15 अप्रैल 2024 तक नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। सभी छूटे हुए एवं अहर्ता पूर्ण करने वाले युवक/युवतियां मतदाता प्रपत्र -6 भरकर जमा करें

**मतदान करना आपका मौलिक अधिकार है, मतदान किसी के दबाव एवं बहकावे में आकर ना करें : पुलिस अधीक्षक सिमडेगा**

पुलिस अधीक्षक ने कहा मतदान करना आपका मौलिक अधिकार है, मतदान किसी के दबाव एवं बहकावे में आकर ना करें। अपने विवेक से स्वतंत्र एवं भय मुक्त होकर मतदान करें । उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने टैंसेरा गांव का किया पैदल भ्रमण। इसके बाद उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने टैंसेरा गांव का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कई ग्रामीणों से मुलाकात की एवं मतदान की तिथि की जानकारी देते हुए 13 मई 2024 को अवश्य ही वोट करने की अपील की। इसके अलावा उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आर.सी. प्राथमिक विद्यालय कोचेडेगा एवं स्वामी श्रध्दानंद मध्य विद्यालय टैंसरा मतदान केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत सुविधा का जायजा लिया ।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सदर सिमडेगा समीर रनयर खलखो एवं मुफस्सिल थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक एवं अन्य उपस्थित थे।

# बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का परीक्षा फल हुआ प्रकाशित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओपा में शनिवार 30 मार्च को वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24 का परीक्षा फल प्रकाशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष धनंजय प्रसाद अग्रवाल कोषाध्यक्ष शुभम मित्तल शामिल हुए। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री परमेश्वर वर्मा, सहप्रधानाचार्य आनंद साहू, आचार्य अमित साहू, प्रमोद प्रसाद अग्रवाल, उपेंद्रनाथ साहदेव, आचार्या सोनी देवी एवं सैकड़ो अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन सह प्रधानाचार्य आनंद साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप परज्वलित कर किया गया। आचार्य अमित जी के द्वारा कक्षा प्रवेश से पंचम तक के परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया। प्रधानाचार्य ने भैया बहनों को वार्षिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं नए सत्र में परीक्षा परिणाम को अधिक श्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित किया। कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को उपस्थित अतिथियों एवं आचार्य आचार्या के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ किया गया।

# विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला आयोजित की गई। त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला के प्रथम दिवस का प्रथम सत्र तीनों विद्यालय मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय,शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर और सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर का सामूहिक रूप से शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में संपन्न हुआ। प्रथम दिवसीय आचार्य कार्यशाला कुल पांच सत्रों में संपन्न हुआ। त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला के प्रथम सत्र में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, तीनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, विपिन कुमार दास व सुरेश चंद्र पांडे तथा तीनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि संकुल के सातों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अपने विचारों का आदान-प्रदान करना आवश्यक है। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सभी आचार्य बंधु-भगिनीयों के द्वारा विशेष विषय पर चिंतन एवं चर्चा करना है और उसे क्रियान्वित करना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान करने को लेकर की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करने के संबंध में समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में रेलवे, विद्युत, स्वास्थ्य, ट्रैफिक, एंबुलेंस, जेल, पोस्ट/टेलीग्राम, अग्निशमन समेत अन्य आवश्यक सेवाओं से संबंधित विभागों के नोडल अफसर शामिल हुए जिनके द्वारा अपने-अपने विभागों के पदाधिकारियों व कर्मियों की संभावित सूची से अवगत कराया गया जो लोहरदगा जिला में दिनांक 13.05.2024 को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करना चाहते हैं। साथ ही छूटे हुए पदाधिकारियों/कर्मियों की सूची ईडीसी/ पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वरीय पदाधिकारी ईडीसी/ पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग-सह-परियोजना निदेशक, आईटीडीए, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, कारा अधीक्षक अमित कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य संबंधित विभागों व सेवाओं के पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा ट्रक पकड़ कर थाना को किया सुपुर्द



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में निर्मित अस्थाई चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा ओभर बॉक्साइड लोडेड ट्रक को पकड़ कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। और पुलिस द्वारा अग्रतर कारवाई हेतु संबंधित विभाग को सूचनार्थ किया गया। 2024 चुनाव को मद्देनजर रखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के तत्वधान में प्रखंड प्रशासन द्वारा कण्डरा में अस्थाई वाहन जांच चेक पोस्ट बनाया गया है। जहां जिला में प्रवेश करने वाली सभी वाहनों की बारीकी से जांच स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा किया जा रहा है। उसी निमित शुक्रवार देर शाम घाघरा से लोहरदगा की ओर जा रही ट्रक जे एच 06 सी 6617 बॉक्साइड लोड ट्रक को रोक कर कागजात की मांग किया गया तो चालक गाड़ी छोड़ भाग खड़ा हुआ। स्टेटिक सर्विलांस टीम के अजय कुमार द्वारा बताया जाता है कि बॉक्साइड लोडेड ट्रक में चलान के अनुसार ओभर लोड था। जिसकी जांचोपरांत गस्ती दल को सूचित कर जब्त ट्रक को सुरक्षित सेन्हा थाना परिसर में रखा गया है। विदित हो कि इन दिनों बॉक्साइड पत्थर की कालाबजारी बड़े पैमाने पर हो रही है। जिसे अंधेरे का फायदा उठाकर पत्थर माफिया बॉक्साईड पत्थर का कालाबजारी में फलफूल रहें है।

# अनियंत्रित हो कर ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा, चालक व मजदूर बाल बाल बचे



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा व बगडू थाना अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र में चरहु के समीप अनियंत्रित हो ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा कोई हताहत नही। चालक व मजदूर बाल बाल बचे जानकारी के अनुसार बताया जाता है की सेन्हा व बगडू थाना क्षेत्र के चरहु सीमावर्ती के समीप तालाब के पास ईट लदा ट्रैक्टर पलटी कर गया। जिसे इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। वहीं ट्रैक्टर में सवार मजदूर एवं चालक बाल बाल बचे वही लदा हुआ ईट को क्षति होने की बात बताई जा रही है। चंदवा टोंगरी के समीप संचालित राजा ईट भट्ठा से ईंट लोड कर ट्रैक्टर चरहु की ओर जा रहा था। उसी दौरान ट्रैक्टर चालक गाड़ी का संतुलन नही बना पाया जिसे ट्रैक्टर सड़क के किनारे गढे में जा गिरा और पलटा गया। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा स्थानीय थाना को दिया गया। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस घटना स्थल पहुंच जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लोगों को करें जागरूक : जयपाल सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को नगर क्षेत्र लोहरदगा के 38 बूथों के बैग एवं बुथ volunteer के साथ नगर परिषद सभागार में बैठक की गई जिसमें प्रशासक सह स्वीप नोडल पदाधिकारी जयपाल सिंह द्वारा 13 मई 2024 के मतदान को 90 प्रतिशत तक पहुंचाने की अपील की गई। साथ में अपने घर एवं मुहल्ले वासियों को जागरूक करते हुए BAG एवं volunteer को अपने दायित्व निर्वहन की बात कही गई। जिनका नाम उक्त मतदान केन्द्र के मतदाता सूची में अंकित है के साथ बैठक कर उन्हें मतदान दिवस की जानकारी करना, मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित करना, मतदान हेतु किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचने, निर्भीक व निष्पक्ष होकर मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदान दिवस को मतदान केंद्रों पर तीन कतार क्रमशः पुरुष, महिला एवं तीसरी कतार, दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती/धात्री महिला हेतु होगी ताकि किसी भी मतदाता को मत डालने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा के बाद बैठक समाप्त की गई।

# सीता पुष्पा ने सभी नोडल पदाधिकारी को वोटर अवेयरनेस फोरम को एक्टिवेट करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वोटर अवेयरनेस फोरम अंतर्गत सभी नोडल पदाधिकारियों की बैठक आज शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा सभी नोडल पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम को एक्टिवेट करने और फोरम की प्रत्येक सप्ताह बैठक करने का निर्देश दिया। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग द्वारा बताया गया कि अपने-अपने अधीनस्थ कर्मियों को फोरम की बैठक में अपने मोबाईल में वोटर हेल्पलाईन एप, सक्षम एप और सी-विजिल एप डाउनलोड करने,अगर कोई पदाधिकारी या कर्मी मतदाता सूची में अब तक जुड़ नहीं पाये हैं तो उन्हें फार्म-6 भर कर जमा करने की अंतिम तिथि 15.04.2024 के बारे जानकारी दिये जाने,कर्मी को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी दिये जाने आदि की जानकारी दी गई। आज की बैठक में सभी कार्यालयों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे

# लोक सभा चुनाव को लेकर फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में लोकसभा चुनाव- 2024 को देखते हुए पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में वारंटियो/ फिरारियो/ स्थायी वारंटी एवं अन्य वांच्छित अपराध कर्मियों के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान चलाकर तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए है। निर्देश मिलने के बाद छापामारी अभियान के क्रम में दिनांक- 29.03.2024 को एस टी न.- 30/23 एवं महिला थाना (लोहरदगा) कांड। सं0-38/19 धारा 376/420/313 भा0द0वि0 के स्थायी वारंटी नन्दलाल महतो,उम्र करीब 30 वर्ष, पे0- अरूण महतो, सा0-हेन्देहास, थाना सेरेंगदाग, जिला- लोहरदगा एवं एस टी 96/06 एंव सेन्हा थाना कांड सं0-108/05 दिनांक 30/12/2005 धारा- 341/324/307/34 भा0द0वि0 के स्थायी वारंटी लाल मोहन लोहरा, उम्र 36 वर्ष, पे0- गन्दुरा लोहरा, सा0- हेन्देहास थाना सेरेंगदाग, जिला-लोहरदगा को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस छापेमारी में सेरेंगदाग थाना के पुलिस पदाधिकारी सैट 76 (1) के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# आयकर विभाग के नोटिस पर कांग्रेस करेगी देशव्यापी विरोध प्रदर्शन : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक सभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आयकर नोटिस के खिलाफ पार्टी देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने सभी राज्य इकाइयों को इस मुद्दे पर सभी प्रदेश और जिला कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। के सी वेणुगोपाल ने एक पत्र जारी करते हुए उन्होंने कहा है कि अब जबकि लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई एक माह हो गए हैं,ऐसे में आयकर विभाग ने गुरुवार को 1823.08 करोड़ का नोटिस भेज दिया जो स्वीकार नहीं है। वेणुगोपाल ने पत्र में यह भी कहा है कि इससे पहले आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी के अकाउंट से जबरन 125 करोड़ रूपया निकाल लिए गए। उन्होंने कहा कि 8 वर्ष पुराने आयकर रिटर्न को आधार बनाकर आयकर विभाग जुर्माना लगा रहा है,जो पूरी तरह गलत है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का हुआ आयोजन

## विद्या भारती चरित्रवान आचार्य एवं आदर्श छात्र का निर्माता है : सुरेश चंद्र पांडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आचार्य एवं छात्र के सर्वांगीण विकास हेतु चर्चा किया गया साथ ही साथ प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा आदर्श छात्रों एवं चरित्रवान आचार्य का निर्माण विद्या भारती के द्वारा किया जा रहा है। विद्या भारती योजना में भैया बहनों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। संस्कार में शिक्षा के द्वारा राष्ट्रभक्त बालकों का निर्माण शिशु विद्या मंदिर में किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र का आयोजन शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में किया गया। वंदना के उपरांत अपना विचार व्यक्त करते हुए इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह ने कहा आचार्य कार्यशाला एक महत्वपूर्ण आयाम है इसमें हम सफलता एवं असफलता पर चिंतन करते हैं। हृदय की पावनता एवं उन्नत मस्तिष्क के द्वारा हम शिक्षण कार्य करते हुए आदर्श एवं राष्ट्रभक्त बालक का निर्माण करते हैं। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य श्री विपिन दास ने कहा अच्छे विद्यार्थी का निर्माण करना एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा, आचार्य कार्यशाला में सम्यक रूप से किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष श्री शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा भावी पीढ़ी पर चिंतन करना तथा राष्ट्रीय हित पर चिंतन करते हुए शिक्षण कला कौशल पर चर्चा इस कार्यशाला में किया जाएगा। आज के आचार्य कार्यशाला में आचार्य भारती का गठन एवं वार्षिक कार्य योजना पर चिंतन करते हुए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी तथा संस्कृति ज्ञान परीक्षा पर विस्तृत चर्चा किया गया आज के इस कार्यशाला में सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

# भाजपा नेताओ ने जिले में पानी की समस्याओ से पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल कार्यपालिका अभियंता को कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, जिला मंत्री सह लोकसभा पालक तुलसी कुमार साहू, जिला कार्य समिति सदस्य दीप नारायण दास, एस टी मोर्चा नगर अध्यक्ष उत्तम क्रिकेटर के साथ मिलकर सिमडेगा जिले में व्याप्त पानी कि घोर समस्याओं को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालिका अभियंता से मुलाकात कर पूरे जिले में कई जगहों में खराब पड़े चापानल एवं जल मीनार के बारे में अवगत कराया गया पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने बताया कि पूरे जिले में जनसंपर्क के दौरान देखा गया कि कई जगहों पर पानी के लिए आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कई जगहों में चापानल एवं जल मीनार खराब पड़ा हुआ है कार्यकर्ताओं के द्वारा भी पानी के किल्लत को देखते हुए दूरभाष के द्वारा भी हम सभी को अवगत कराया जा रहा है समय रहते पानी की समस्या को ठीक नहीं किया गया तो ग्रामीणों को पानी की घोर समस्याओं से जूझना पड़ेगा इन सभी बातों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आज हम सभी लोगों ने कार्यपालक अभियंता से पानी की समस्याओं को देखते हुए अभिलंब ठीक करने के लिए आग्रह किया और कार्यपालक अभियंता ने भी हमारी बातों का गंभीरता पूर्वक लेते हुए जनता की समस्याओं को देखते हुए जल्द ठीक कराने का आश्वासन दिया।

# सिमडेगा नगर मंडल के बूथ नंबर 155 में चलाया गया लाभार्थी संपर्क अभियान



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा नगर में भाजपा महिला नेत्री हँसारानी के नेतृत्व में पूरे देश भर व्यापक रूप से चल रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के निमित्त बूथ नंबर 155 सलडेगा टोंगरी टोली में लाभार्थियों से संपर्क कर मोदी जी के पत्रक देकर मोदी जी के तरफ से प्रणाम किया गया और मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल को लाभार्थियों ने साझा किया और पुनः तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए उत्साह देखा गया लाभर्थियों के मोबाइल से नरेन्द्र मोदी से जुड़ने के लिए 9638002024 पर मिस कॉल कराया गया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर, कमला कुमारी, रूनी कुमारी, शकुंतला देवी, जयंती देवी, पुष्पा देवी, सानया देवी इत्यादि लोग शामिल थे।

